फाल्गुन शुक्ल - 10 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 222 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 09-03-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com


# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित







4 विधानसभाओं और संसद में नियोजित गतिरोध लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए उचित नहीं : बिरला

6 नायक प्रेम बहादुर गुरुंग: 'खुखरी' से रोका दुश्मन का वार, 3 पाकिस्तानियों का कर दिया संहार

7 महिलाओं को बार-बार खुद को साबित करना होगा : माधुरी दीक्षित


## फर्स्ट टेक

### तस्करी की कोशिश नाकाम, बांग्लादेशी की मौत

**सिलीगुड़ी/भाषा।** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की कोशिश को नाकाम करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार को बांग्लादेश के एक नागरिक को मार गिराया और इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार तड़के दार्जिलिंग जिले के खालपारा गांव के पास हुई। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 15 से 20 बांग्लादेशी बदमाशों के एक समूह ने अवैध रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में काफी अंदर तक प्रवेश कर लिया था। प्रवक्ता ने बताया कि इन लोगों की मवेशियों और प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी के लिए भारतीय क्षेत्र के बदमाशों से साठगांठ है। उन्होंने बताया कि जब बीएसएफ के गश्ती दल ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो सभी बदमाशों ने धारदार हथियार और लाठियों से हमला कर दिया, उन्होंने पथराव भी किया।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति जेल से रिहा

**सियोल/एपी।** दक्षिण कोरिया में महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल को शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया। इससे एक दिन पहले, देश की एक अदालत ने राष्ट्रपति येओल की गिरफ्तारी को रद्द करते हुए उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दिया था ताकि वह जेल से बाहर होकर मुकदमें का सामना करें । टीवी चैनल पर प्रसारित हो रही वीडियो में राष्ट्रपति जेल से बाहर आने के बाद अपने समर्थकों के सामने हाथ हिलाकर और अपना सिर झुकाकर उनका अभिवादन करते नजर आ रहे हैं। येओल के समर्थक उनका नाम ले रहे हैं और दक्षिण कोरिया तथा अमेरिका का राष्ट्रीय झंडा लहरा रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा, ''मैं 'सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट' द्वारा अवैध को सही करने के साहस के निर्णय की सराहना करता हूं।'' उन्होंने कहा कि वह अपने समर्थकों का धन्यवाद करते हैं तथा उन लोगों से आग्राह करते हैं कि वह अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दें।

### फ्रांस ने सेनेगल को सैन्य अड्डे सौंपना शुरू किया

**डकार (सेनेगल)/एपी।** फ्रांस ने शुक्रवार को दो सैन्य अड्डों का नियंत्रण सेनेगल को सौंप दिया और इसी के साथ उसने इस पश्चिम अफ्रीकी देश से अपनी सैन्य मौजूदगी को औपचारिक रूप से समाप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ की। सैन्य अड्डों का नियंत्रण सेनेगल को सौंपने का कदम तब उठाया गया जब सेनेगल के राष्ट्रपति बासिरू दिओमाये फेय ने घोषणा की कि उनके देश में मौजूद सभी विदेशी सैनिक वापस जाएंगे।

| | |
|---|---|
| 09-03-2025 सूर्यास्त 6:18 बजे | 10-03-2025 सूर्योदय 6:19 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,332.58 | 22,552.50 |
| (-7.52) | (+7.80) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 8,997 रु. | 107,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |


मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com




कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बजट राय

आ गया बजट सैंसेक्स गिरा,
कोई खुश तो कोई निराश।
सब आँक रहे निज चश्मे से,
कितना प्रोफिट कितना ह्रास।
दुश्मन किसान का कहे कोई,
व्यापारी कहते हम हताश।
पर बजट सभी के लिए बना,
सबका होगा इससे विकास।।

# महिलाओं की सुरक्षा हमारी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नवसारी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए कानूनों में संशोधन किया है। उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानून (भारतीय दंड संहिता) का स्थान लेने वाली भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) ने महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों को मजबूत किया है तथा इससे शिकायत दर्ज कराने में आसानी और न्याय प्रदान करने में तेजी आई है।

मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नवसारी जिले के वांसी बोरसी गांव में एक जनसभा में कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''जब कोई लड़की देर से घर लौटती है, तो उसके माता-पिता सवाल पूछते हैं, लेकिन जब कोई लड़का देर से आता है, तो वे ऐसा नहीं करते...उन्हें ऐसा करना चाहिए। पिछले दशक में, हमने महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए हमने सख्त नियम और कानून बनाए हैं।''




■ महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए हमने सख्त नियम और कानून बनाए हैं।

### 'मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं'

**नवसारी/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के नवसारी में कहा कि वह दुनिया के सबसे धनवान व्यक्ति हैं। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज यहां लखपति दीदियों को सम्मानित किया और जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज महिला दिवस का ये दिन, गुजरात की मेरी मातृभूमि और इतनी बड़ी संख्या में आप सब माताओं, बहनों और बेटियों की ये उपस्थिति, इस विशेष दिन आपके इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। गुजरात की इस धरती से मैं सभी देश वासियों को, देश की सभी माताओं-बहनों को महिला दिवस की शुभकामनायें भी देता हूं। उन्होंने कहा कि आज यहां गुजरात सफल और गुजरात मैत्री इन दो योजनाओं का शुभारंभ भी हुआ है। अनेक योजनाओं के पैसे भी महिलाओं के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। उन्होंने कहा, मैं इसके लिए भी आप सभी को बधाई देता हूं। आज का दिन महिलाओं को समर्पित है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''मेरी सरकार ने बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए कानून में बदलाव किया।''

### मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सफल महिलाओं को सौंपे

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर देश की नारी शक्ति और उसकी प्रेरणादायी उपलब्धियों को प्रेरणादायी सम्मान देते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कुछ ऐसी महिलाओं के हाथ में सौंपे जिन्होंने जीवन के विविध क्ष?त्रों में अपनी पहचान बनायी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, सफल महिलाएं प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी कहानियां और गहन सोच साझा करेंगी। इन महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल मीडिया मंच एक्स पर महिला दिवस की विषय वस्तु पर केंद्रित अपने-अपने संदेश और विचार संप्रेषित किए।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने हंपी बलात्कार कांड की निंदा की

■ कोप्पल जिले में एक विदेशी नागरिक समेत दो महिलाओं के साथ हुए 'बलात्कार' की घटना पर मुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए आश्वासन दिया कि उनकी सरकार राज्य में आने वाले पर्यटकों समेत सभी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने कोप्पल जिले में एक विदेशी नागरिक समेत दो महिलाओं के साथ हुए 'बलात्कार'' की घटना की शनिवार को निंदा की और आश्वासन दिया कि उनकी सरकार राज्य में आने वाले पर्यटकों समेत सभी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जाएंगे।

उन्होंने 'एक्स' पर कोप्पल जिले के सनापुर में इजरायली नागरिक और 'होमस्टे' मालकिन पर हमले और बलात्कार को सबसे 'जघन्य कृत्य' करार दिया। सिद्दरामय्या ने कहा, जैसे ही इस घटना की सूचना मिली, मैंने संबंधित पुलिस से जानकारी प्राप्त की, गहन जांच की और उन्हें अपराधियों की शीघ्र पहचान करने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस ने मामले के सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और जांच चल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया, हमारी सरकार राज्य में आने वाले पर्यटकों समेत सभी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार रात हम्पी के पास 27 वर्षीय इजरायली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया और उन पर हमला किया गया। महिलाओं के साथ मौजूद तीन पुरुष पर्यटकों पर भी हमला किया गया और उन्हें नहर में धकेल दिया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई। पुलिस ने तीन आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है और तीसरे संदिग्ध को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

## जावेद अख्तर ने रोज़ा विवाद पर क्रिकेटर शमी को समर्थन दिया, कहा- 'कट्टरपंथियों की परवाह न करें'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान रोज़ा न रखने को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे क्रिकेटर मोहम्मद शमी के समर्थन में मशहूर गीतकार जावेद अख्तर सामने आए हैं। उन्होंने शमी को कट्टरपंथियों की बातों पर ध्यान न देने की सलाह देते हुए टीम की जीत के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।



टीम इंडिया के तेज गेंदबाज शमी को मंगलवार को दुबई में खेले गए मैच के दौरान एनर्जी ड्रिंक पीते हुए देखा गया था। इस दृश्य के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी बरेलवी ने शमी की आलोचना करते हुए कहा था कि रमजान के पवित्र महीने में रोजा न रखकर उन्होंने 'गुनाह' किया है।

जावेद अख्तर ने इस विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए शमी को सभी नकारात्मक टिप्पणियों को नजरअंदाज़ करने और उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सराहना की। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, शमी साहब, उन कट्टरपंथी मूर्खों की जरा भी परवाह मत कीजिए जिन्हें दुबई की झुलसाने वाली गर्मी में क्रिकेट के मैदान पर आपके पानी पीने से कोई समस्या है। यह उनका मामला नहीं है। आप उस महान भारतीय टीम का हिस्सा हैं जिस पर हम सभी को गर्व है। मेरी शुभकामनाएं आपके और पूरे टीम के साथ हैं।

### भारत ने बधिर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला जीती

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने शनिवार को यहां करनैल सिंह स्टेडियम में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराकर बधिर टी20 त्रिकोणीय शृंखला जीत ली। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने किया था जिसमें दक्षिण अफ्रीका भाग लेने वाली तीसरी टीम थी। भारत के कुलदीप सिंह ने फाइनल में पांच विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा उन्हें शृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। भारत के ही अभिषेक सिंह को शृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया। टूर्नामेंट के लिए भारतीय बधिर क्रिकेट टीम का नेतृत्व वीरेंद्र सिंह ने किया। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, ''इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की ऊर्जा से पता चलता है कि विश्व में बधिर खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देना कितना जरूरी है। इस त्रिकोणीय शृंखला के प्रति दिलचस्पी से बधिर क्रिकेट का भविष्य उज्जवल नजर आता है।''

## अकबर हो या औरंगजेब, सबकी मानसिकता एक : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गौतमबुद्ध नगर (उप्र)/भाषा।** मुगल शासक औरंगजेब को लेकर छिड़ी देशव्यापी बहस के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी।

महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आसिम आजमी को मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली टिप्पणी के कारण बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा से 26 मार्च को समाप्त होने वाले बजट सत्र की शेष अवधि के लिये निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद औरंगजेब को लेकर प्रतिक्रियाओं का सिलसिला शुरू हो गया।




■ योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अकबर कभी नायक नहीं हो सकता। इन्होंने भारत की सनातन परंपरा को रौंदने के लिए तमाम षड्यंत्र रचे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दादरी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे आदर्श और राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जी महाराज हैं, ना कि अकबर या औरंगजेब।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अकबर कभी नायक नहीं हो सकता। इन्होंने भारत की सनातन परंपरा को रौंदने के लिए तमाम षड्यंत्र रचे। इसके विपरीत, महाराणा प्रताप ने अपने बलिदान से सनातन संस्कृति की रक्षा की।

### धनशोधन मामले में ईडी ने वाणिज्यिक विमान जब्त किया

**हैदराबाद/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय ने हैदराबाद की एक कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत लगभग 14 करोड़ रुपए मूल्य का एक निजी विमान (जेट) जब्त किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन प्रवर्तकों पर पोंजी 'घोटाला' करने और कई निवेशकों से कथित तौर पर करोड़ों रुपए ठगने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि धनशोधन का यह मामला फाल्कन ग्रुप (कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड), इसके मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अमर दीप कुमार और कुछ अन्य के खिलाफ स्थानीय पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी से सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, उक्त विमान का उपयोग करके कुमार देश से फरार हो गया था। आरोपों पर प्रतिक्रिया के लिए उनसे या उनकी कंपनी से तत्काल संपर्क नहीं किया जा सका। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ईडी के हैदराबाद कार्यालय के अधिकारियों को पता लगा कि आठ सीट वाले वाणिज्यिक विमान 'एन935एच हॉकर 800ए' हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा।




## राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी का आह्वान किया

■ हमें एक आदर्श समाज का निर्माण करना होगा, जहां कोई भी बच्चा, चाहे वह बेटा हो या बेटी, अकेले यात्रा करने या स्वतंत्र रूप से रहने में झिझक महसूस न करे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है क्योंकि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय परामर्श को संबोधित करते हुए मुर्मू ने इस बात पर जोर दिया कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा और रोजगार में समान अवसर प्रदान करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''जैसे-जैसे भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी भी उसी गति से बढ़नी चाहिए।''

राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि एक ''आत्मनिर्भर, स्वतंत्र और सशक्त महिला विकसित भारत के निर्माण की कुंजी है।''

सभी से आत्मनिर्भरता और सफलता की दिशा में हर कदम पर महिलाओं का समर्थन करने का आग्रह करते हुए मुर्मू ने कहा, ''विकसित भारत का सपना हमारी सामूहिक आकांक्षा है और हमें इसे प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।'' भारतीय महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डालते हुए मुर्मू ने कहा, ''हमारी बेटियां 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में बहुत बड़ा योगदान दे रही हैं। यह जरूरी है कि समाज उन्हें प्रगति के लिए और भी बेहतर माहौल प्रदान करे।'' उन्होंने कहा, ''हमें एक आदर्श समाज का निर्माण करना होगा, जहां कोई भी बच्चा, चाहे वह बेटा हो या बेटी, अकेले यात्रा करने या स्वतंत्र रूप से रहने में झिझक महसूस न करे।''

## थोड़ा मेहनत कर सत्ता में लौट सकती है कांग्रेस : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/नई दिल्ली/एजेन्सी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन दशक के गुजरात मॉडल को पूरी तरह से विफल करार देते हुए कहा है कि राज्य की जनता भाजपा से ऊब चुकी है और अब वह विकल्प चाहती है और कांग्रेस उन्हें आसानी से यह विकल्प दे सकती है।

गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शनिवार को कहा कि गुजरात में विपक्ष को 40 प्रतिशत वोट मिलते हैं। अगर कांग्रेस अपने वोट शेयर में सिर्फ पांच प्रतिशत की वृद्धि कर ले, तो राज्य में कांग्रेस की सरकार बन सकती है। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी तेलंगाना में 22 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाकर सरकार बना सकती है, तो वह गुजरात में भी पांच प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाकर सत्ता में वापसी कर सकती है।




उन्होंने कहा कि गुजरात की रीढ़ की हड्डी छोटे तथा मध्यम व्यवसायी, किसान और मजदूर हैं तथा राज्य आगे बढना चाहता है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के कारण बुरी तरह से प्रभावित है। गुजरात का विकास आज अटक गया है और उसे रास्ता नहीं दिख रहा है। हीरा उद्योग, वस्त्र उद्योग, सिरेमिक उद्योग से जुड़े लोग और प्रदेश के किसान कह रहे हैं कि उन्हें नया विजन चाहिए। पिछले 25 वर्षों से चल रही नीतियां पूरी तरह से विफल हो गई हैं। कांग्रेस पार्टी जनता को नया विजन दे सकती है, लेकिन इसके लिए पहले पार्टी के नेताओं को लोगों से जुड़ना होगा।

गांधी ने कहा कि गुजरात की राह से भाजपा को हटाना कांग्रेस के लिए बहुत कठिन नहीं है। गुजरात में पार्टी के नेताओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन सही नेतृत्व को सही स्थान पर लाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग भाजपा के साथ अंदरूनी तौर पर जुड़े हैं उन्हें पार्टी से निकालना पड़ा, तो निकाला जाएगा।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर 11 साल में '11 बड़े झूठ बोलने' का आरोप लगाया

**कलबुर्गी (कर्नाटक)/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश से ''झूठ'' बोलने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने 11 साल के अपने कार्यकाल के दौरान 11 बड़े झूठ बोले हैं। जेवरगी में कल्याण पथ परियोजना की शुरुआत के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगे ने मोदी पर वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया। इस परियोजना का उद्देश्य कल्याण कर्नाटक के 38 ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों में 1,166 किलोमीटर सड़क बनाना है।






# 'निवारक, उपचारात्मक, पुनर्वास स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही सरकार'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार निवारक, उपचारात्मक और पुनर्वास संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। नड्डा ने यहां भारत मंडपम में तीसरे 'इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन हेल्थ टेक्नोलॉजी असेसमेंट' (आईएसएचटीए 2025) का उद्घाटन करते हुए भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने और सभी के लिए सुलभ व सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता व प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्यों के अनुरूप एक कुशल, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य प्रणाली बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को आगे बढ़ाने में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। नड्डा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो निवारक, उपचारात्मक और पुनर्वासात्मक है। उन्होंने बताया कि केंद्र ने प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवा पर जोर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अब तक 22 अत्याधुनिक एम्स स्थापित किए जा चुके हैं और एमबीबीएस और एमडी सीटों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई है, साथ ही पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ के प्रशिक्षण में भी वृद्धि हुई है।


## सहज स्मृति योग



**व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।**

**प्रश्न:** गुरुजी, आप प्रारंभ से ही बुद्धि-शुद्धि को अध्यात्म में प्रवेश पाने के लिए अनिवार्य अर्हता कहते आए हैं। आपसे दो प्रश्न हैं। पहला, कि किसी भी काल के भक्त कवि को सुनें,पढ़ें वे सभी तो एक स्वर से यही कहते देखे-सुने जाते हैं कि 'मुझमें न तो बुद्धि है, न ज्ञान है, न विवेक है' तो क्या आपकी दृष्टि में सारे भक्त आध्यात्मिक ही नहीं हैं? और दूसरा, अपनी बुद्धि के शुद्ध होने की परीक्षा हम कैसे करें कि इसका प्रमाण स्वयं को स्वयं ही से मिल जाए कि बुद्धि शुद्ध हो गई है?

**उत्तर :** आप भक्त कवियों के द्वारा उनके अपने इष्ट के समक्ष आर्त-भाव में कातरता पूर्वक किए आत्मनिवेदन को सुन,पढ़,देख कर अपूर्ण निष्कर्ष निकाल रहे हैं। भक्त होने की अवस्था (उपाधि) मिलती ही तब है जब जीवात्मा में इष्ट की अनन्यता का भाव स्थाई हो जाए अर्थात् उसे सर्वत्र केवल (पूर्णत:)अपने इष्ट के ही दर्शन हों। अत: अगर यह कहा जाए कि केवल भक्त ही आध्यात्मिक हैं तो भी अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि, शिष्यत्व की प्राप्ति के पूर्व अनन्य भक्ति की अवस्था आती ही है। ज्ञान तो मध्य की अवस्था है कुछ-कुछ वैसे ही जैसे अधिकांश व्यक्तियों के लिए यह जीवन है, जिसे न जन्म के पूर्व का पता और न मृत्यु के उपरांत का बोध! केवल मध्य में ही यह स्वयं को जानता है। मुमुक्षु जीवात्मा की बुद्धि शुद्ध होने पर वह स्वयं (के/को) सनातन अस्तित्व का सनातन अंश होने का निर्णय और बोध प्राप्त कर लेती है और उसका यह अनुभव आजीवन अखंड बना रहे तो इसका प्रमाण स्वयं को स्वयं ही मिला हुआ रहता है कि बुद्धि शुद्ध हो गई है। विशुद्ध बुद्धि जीवात्मा को अपने से परे (पार) कर देती है और तब गुरुतर अनुभूति में प्रविष्ट होने से संसार में पुनरावृत्ति नहीं होती।



# नवसारी में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मियों ने संभाली सुरक्षा की कमान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नवसारी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लखपति दीदी' कार्यक्रम के लिए शनिवार को गुजरात के एक गांव में डेढ़ लाख से अधिक महिलाएं एकत्र हुईं। इस दौरान करीब 2,500 महिला पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली और सुनिश्चित किया कि यह विशाल कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो। देश में इस तरह की पहली पहल के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नवसारी जिले के वानसी बोरसी गांव में आयोजित कार्यक्रम स्थल की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था केवल महिला पुलिस अधिकारियों और कांस्टेबलों द्वारा प्रदान की गई।

अधिकारियों ने बताया कि उनके पुरुष साथियों को पार्किंग और यातायात प्रबंधन सेवाओं के लिए तैनात किया गया था। मोदी के हेलीपैड पर आगमन से लेकर कार्यक्रम के समापन तक हर कदम पर महिला पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर मोदी ने महिलाओं को संबोधित किया, 'लखपति दीदी' योजना के लाभार्थियों से बातचीत की और उन्हें लखपति दीदी प्रमाणपत्र प्रदान किए। महिला टीम के काम की निगरानी करने वाली अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक निपुण तोरवाने ने कहा कि 'लखपति दीदी' कार्यक्रम के लिए महिला पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था की है। उन्होंने कहा, ''चूंकि यह एक बहुत ही उच्चस्तरीय कार्यक्रम है, इसलिए इसकी सुरक्षा के लिए सभी सावधानियां बरती गई हैं। कांस्टेबल से लेकर उच्च पदस्थ अधिकारी पिछले तीन दिन से सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी कर रहे हैं, अभ्यास कर रहे हैं और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बिंदुवार जानकारी दे रहे हैं।''

## सही मार्गदर्शन, अनुकूल वातावरण सशक्त बनाने की कुंजीः महिला उद्यमी

**नई दिल्ली/भाषा।** उद्योग जगत की अग्रणी महिलाओं का मानना है कि उचित मार्गदर्शन और सलाह को प्राथमिकता देने वाला एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र उन्हें सशक्त बना सकता है। उन्होंने कहा कि उद्यमशीलता का परिदृश्य अवसरों से भरपूर होने के बावजूद, विशेष रूप से महिलाओं के लिए कई तरह की बाधाएं लाता है। रुकम कैपिटल की संस्थापक और प्रबंध भागीदार अर्चना जहांगीरदार के अनुसार पूर्वाग्रह के अलावा मार्गदर्शन और संपर्क की कमी चलते महिलाओं को अपनी नेतृत्व क्षमता साबित करने में बाधा का सामना करना पड़ता है। आईवीसीए की उपाध्यक्ष सुनीता प्रसाद ने कहा कि महिलाओं के आदर्श कम हैं, जिससे मार्गदर्शन और महत्वपूर्ण हो जाता है। उद्योग को भविष्य की महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक कदम उठाने की आवश्यकता है। पूरे पारिस्थितिकी तंत्र में नेतृत्व और निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में महिलाओं की मौजूदगी बाधाओं को तोड़ने में मदद करती है और प्रेरणा का व्यापक प्रभाव पैदा करती है।

# तेलंगाना सुरंग हादसाः मंत्री ने अधिकारियों से बचाव अभियान में रोबोट की मदद लेने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नगरकुरनूल (तेलंगाना)/भाषा।** तेलंगाना के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने अधिकारियों को आंशिक रूप से ढही 'श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल' (एसएलबीसी) सुरंग के अंदर बचाव कार्य में रोबोट की मदद लेने के लिए तत्काल कदम उठाने का शनिवार को निर्देश दिया।

दरअसल क्षतिग्रस्त 'टनल बोरिंग मशीन' (टीबीएम) के टुकड़े बचाव कर्मियों के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं जिसके कारण सिंचाई मंत्री ने ये निर्देश दिए। सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद 22 फरवरी से आठ लोग इसमें फंसे हुए हैं। रेड्डी ने सुरंग स्थल का दौरा किया और जारी बचाव अभियान की विभिन्न संगठनों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि सरकार (हैदराबाद स्थित एक निजी कंपनी के) रोबोट विशेषज्ञों की सेवाओं का उपयोग करके बचाव कार्य में चार करोड़ रुपए खर्च करेगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया है कि चूंकि विशाल टीबीएम के टुकड़े सुरंग के अंदर पानी, मिट्टी और पत्थरों में मिल गए हैं इसलिए वे बचाव दल के लिए खतरा बन गए हैं। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने दो मार्च को सुरंग का दौरा किया था। उन्होंने बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे अधिकारियों को सुझाव दिया था कि यदि आवश्यक हो तो सुरंग के अंदर रोबोट का उपयोग किया जाए ताकि बचाव कर्मियों को कोई खतरा नहीं हो। सिंचाई मंत्री ने सुरंग ढहने की घटना को राष्ट्रीय आपदा बताते हुए कहा कि सरकार बचाव अभियान जारी रखने के लिए कृतसंकल्प है, हालांकि सुरंग के अंदर ऑक्सीजन का निम्न स्तर, पानी का अधिक रिसाव तथा टीबीएम के बड़े हिस्से पानी एवं मिट्टी में मिल जाने जैसी स्थितियों के कारण बचाव अभियान में चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं।




# चिंतन शिविर में स्कूली खेल, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों के कल्याण पर बनी आम सहमति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में यहां आयोजित किए गए दो दिवसीय चिंतन शिविर के दूसरे और अंतिम दिन शनिवार को स्कूली खेलों को बढ़ावा देने, प्रतिभा की पहचान और अच्छे प्रशिक्षकों को तैयार करने पर आम सहमति बनी।

चिंतन शिविर में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्रियों और अन्य प्रमुख हितधारकों के बीच इस बात को लेकर सहमति बनी कि भारत के 2036 ओलंपिक की मेजबानी के सपने को साकार करने और 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आपसी सहयोग जरूरी है।

मांडविया ने कहा कि चिंतन शिविर में चर्चाएं सम्मेलन कक्ष की चार दीवारों तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि उन्हें 2047 तक प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभानी चाहिए। कान्हा शांति वनम में आयोजित किए गए चिंतन शिविर के पहले दिन केंद्र सरकार तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच खेल विकास और शासन पर चर्चा हुई।

# मप्र सरकार लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराने वालों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करेगी : मोहन यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार नाबालिगों से दुष्कर्म की सजा की तरह लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराने वालों के लिए भी मृत्युदंड का प्रावधान करेगी।

यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि मासूम बेटियों से दुष्कर्म करने वालों के खिलाफ सरकार बहुत सख्त है। इस संबंध में मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, मध्यप्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम में धर्म परिवर्तन के लिए भी मृत्युदंड का प्रावधान किया जाएगा। यादव ने कहा कि राज्य अवैध धर्म परिवर्तन करने वालों को नहीं बख्शेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने संकल्प लिया है कि वह ऐसी कुप्रथाओं और गलत कामों से सख्ती से निपटेगी। बाद में, यादव ने कहा कि मप्र सरकार बेटियों की सुरक्षा व आत्मसम्मान के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों के साथ दुष्कर्म करने वालों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान के बाद अब मध्यप्रदेश में बेटियों का धर्म परिवर्तन करने वालों के लिए भी मृत्युदंड का प्रावधान किया जाएगा।

## भारत को अमेरिका के साथ सभी वार्ताओं से हट जाना चाहिएः जीटीआरआई

**नई दिल्ली/भाषा।** आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने शनिवार को कहा कि भारत को अमेरिका के साथ सभी वार्ताओं से हट जाना चाहिए और ट्रंप प्रशासन के साथ उसी तरह से बातचीत की तैयारी करनी चाहिए, जैसे चीन और कनाडा जैसे देश कर रहे हैं।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका भारत पर उन व्यापार मांगों को स्वीकार करने के लिए भारी दबाव डाल रहा है, जो मोटे तौर पर अमेरिकी हितों के अनुकूल हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके अधिकारियों ने ज्यादातर गलत आंकड़ों का इस्तेमाल करके भारत की आलोचना की है।

श्रीवास्तव ने कहा, ट्रंप गलत आंकड़ों का इस्तेमाल करके सार्वजनिक रूप से भारत का अपमान कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में कोई संतुलित परिणाम संभव नहीं है।

# दिल्ली की महिलाएं अपने बैंक खातों में 2500 रुपए आने का कर रही हैं इंतजारः आतिशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक चुनावी वादे का हवाला देते हुए विपक्ष की नेता आतिशी ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में महिलाएं अपने खातों में 2,500 रुपए आने का इंतजार कर रही हैं।

इस बीच, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि दिल्ली मंत्रिमंडल ने महिला समृद्धि योजना के क्रियान्वयन के लिए 5,100 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी दे दी है। आतिशी ने 'एक्स' पर एक वीडियो में कहा, ''चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ मार्च तक सभी महिलाओं को 2,500 रुपए देने का वादा किया था। यह अभी तक नहीं मिला है।'' दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के घोषणापत्र में महिला समृद्धि योजना प्रमुख चुनावी वादों में से एक थी। इस योजना के तहत राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपए की वित्तीय सहायता देने का वादा किया गया था। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली की महिलाएं आज इसका इंतजार कर रही होंगी। उन्होंने कहा,''दिल्ली की सभी महिलाएं आज अपने फोन पर टकटकी लगाए बैठी हैं और अपने बैंक खातों में पैसे जमा होने के संदेश का इंतजार कर रही हैं।''

# बैंकिंग क्षेत्र को बदलते वैश्विक परिदृश्य में नवाचार, नेतृत्व जारी रखना चाहिए :वित्त मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बैंकिंग क्षेत्र को बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच नवाचार और नेतृत्व करना जारी रखना चाहिए।

उन्होंने विश्वास जताया कि देश का सबसे बड़ा बैंक भारतीय स्टेट बैंक अपने मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में प्रौद्योगिकी, स्थिरता और समावेशिता को अपनाएगा। एसबीआई के स्थापना दिवस के 70 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह के शुभारंभ पर मंत्री ने कहा कि एसबीआई ने बदलते परिदृश्य को पूरा करने के लिए लगातार विकास किया है और नियामकीय सख्ती के बावजूद बाजार के नेता के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी है। सीतारमण ने कहा, दुनिया तेजी से बदल रही है, और बैंकिंग क्षेत्र को नवाचार करना जारी रखना चाहिए और नेतृत्व भी करना चाहिए। मुझे विश्वास है कि एसबीआई प्रौद्योगिकी, स्थिरता और समावेशिता को अपने मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में अपनाकर इस अवसर पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि एसबीआई ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं के अनुरूप अपने व्यक्तिगत वितरण चैनलों को नए सिरे से तैयार कर रहा है। वित्त मंत्री ने कहा, दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक के रूप में, जो वैश्विक आबादी के लगभग 5.6 प्रतिशत को सेवाएं प्रदान करता है, एसबीआई पहले से कहीं अधिक चुस्त और प्रतिस्पर्धी बन गया है।

सीतारमण ने कहा कि भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई अब सतत वृद्धि के माध्यम से बेहतर मूल्य सृजन करने के लिए आदर्श स्थिति में है।



# नकली एचपीसीएल तेल मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

### वरिष्ठ निरीक्षक नागेश की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया

**हैदराबाद/दक्षिण भारत।** हैदराबाद पुलिस ने नकली एचपीसीएल तेल मामले में कार्रवाई की है। उसने छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि एचपीसीएल की अधिकृत टीम ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद डीएसपी सुधींद्र के आदेश पर छापेमारी की गई। अफजलगंज पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक नागेश की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। उसने नकली एचपीसीएल एन्क्लो तेल आदि जब्त कर लिया। वहीं, आरोपी जीएच संस पेट्रो प्रोडक्ट्स का वसीम खान (31) है, जिसे गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पुलिस ने एफआईआर नं. 0070/2025 के तहत मामला दर्ज किया है। उक्त शख्स पर कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धारा 63, और 318 (4) के तहत आरोप लगाए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा के लिए काम करने वाले कांग्रेस नेताओं को छांटने की जरूरत : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी में उन कार्यकर्ताओं और नेताओं की पहचान करने की जरूरत है, जो भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे कार्यकर्ताओं और नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दूसरे दिन पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि पार्टी का पहला काम कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के दो समूहों को अलग करना है - पहला जो पार्टी की विचारधारा को अपने दिल में रखते हैं और जनता के साथ खड़े हैं और दूसरे जो जनता से कटे हुए हैं, ''जिनमें से आधे भाजपा के साथ हैं।'' गांधी का राज्य दौरा 2027 के विधानसभा चुनावों पर केंद्रित है, जिसके लिए उन्होंने पार्टी की राज्य इकाई में बड़े बदलाव का संकेत दिया है और भाजपा को हराने के लिए एक मजबूत रणनीति का दावा किया है। उन्होंने कहा, ''गुजरात कांग्रेस में नेतृत्व और कार्यकर्ता स्तर पर दो तरह के लोग हैं। एक वो जो लोगों के प्रति ईमानदार हैं, वे उनके लिए लड़ते हैं, उनका सम्मान करते हैं और उनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। और दूसरे वो हैं, जो लोगों से कटे हुए हैं, उनका सम्मान नहीं करते हैं और उनमें से आधे भाजपा के साथ हैं।'' लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी का पहला काम इन दोनों समूहों का पता लगाना है, भले ही इसके लिए लोगों को हटाने की सख्त कार्रवाई करनी पड़े। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों समूहों को अलग नहीं किया जाता, तब तक गुजरात के लोग पार्टी पर विश्वास नहीं करेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''हमारे जिला, ब्लॉक अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं के दिलों में पार्टी के लिए जगह होनी चाहिए। उन्हें अपनी रगों में कांग्रेस को लेकर चलना चाहिए।

# स्पाइसजेट के खिलाफ तीन विमान पट्टेदारों, पूर्व पायलट ने दीवाला याचिका दायर की

**नई दिल्ली/भाषा।** एयरलाइन स्पाइसजेट को नई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आयरलैंड के तीन विमान पट्टेदारों और एक पूर्व पायलट ने उसके खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दायर की है, जिसमें चूक का दावा किया गया है।

तीन विमान पट्टा कंपनियों - एनजीएफ अल्फा, एनजीएफ जेनेसिस और एनजीएफ चार्ली ने आईबीसी की धारा 9 के तहत याचिका दायर की है, जिसमें स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है। याचिका में कुल 1.26 करोड़ डॉलर (लगभग 110 करोड़ रुपए) का बकाया होने का दावा किया गया है। स्पाइसजेट ने इसी सप्ताह राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की कार्यवाही के दौरान मामले को सुलझाने के लिए कुछ समय मांगा था, क्योंकि निपटान वार्ता चल रही थी। एनसीएलटी ने एक आदेश में कहा, परिचालन ऋणदाता (स्पाइसजेट) की ओर से वकील मौजूद हैं और मामले में भविष्य में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में निर्देश प्राप्त करने के लिए समय मांगा है। न्यायाधिकरण ने तीनों याचिकाओं को अगली सुनवाई के लिए सात अप्रैल, 2025 को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पट्टेदारों ने पहले स्पाइसजेट को पांच बोइंग 737 पट्टे पर दिए थे। उन्होंने स्पाइसजेट को कानूनी नोटिस भेजा था, जिसमें उन्होंने इंजन सहित विमान के कुछ हिस्सों की चोरी और उन्हें दूसरे विमानों में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। इसके अलावा, पायलट द्वारा दायर याचिका के संबंध में, दो सदस्यीय एनसीएलटी पीठ ने पूछा कि क्या दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा 10ए के तहत पायलट के दावों पर रोक है। एनसीएलटी ने कहा, परिचालन ऋणदाता की ओर से वकील मौजूद हैं और उन्होंने विशेष रूप से कुछ दावा राशि के संबंध में धारा 10ए की प्रयोज्यता और सीमा के मुद्दे के संबंध में मुद्दे की जांच करने के लिए समय मांगा है।

# मुख्यमंत्री ने भेंट किये 100 गुलाबी ऑटोरिक्शा

## तमिलनाडु में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास की घोषणा





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यहां नेहरू इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में राज्य समाज कल्याण और मतहिला सशक्तिकरण विभाग की ओर से महिला लाभार्थियों को '100 गुलाबी ऑटोरिक्शा' भेंट किए। उन्होंने कांचीपुरम, इरोड, धर्मपुरी, शिवगंगा, थेनी, कुड्डालोर, नागपट्टिनम, रानीपेट और करूर जिलों में 72 करोड़ रुपये की लागत से नए कामकाजी महिला छात्रावास (थोजियार विदुथी) बनाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 700 बिस्तरों की सुविधा वाले छात्रावासों में बायोमेट्रिक प्रवेश, वाई-फाई सुविधा, शुद्ध पेयजल और 24 घंटे सुरक्षा सहित कई सुविधाएं होंगी। उन्होंने पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से शहरी स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को 50 इलेक्ट्रिक ऑटोरिक्शा सौंपे। स्टालिन ने बाद में लाभार्थियों से बातचीत भी की। इसके अलावा, स्टालिन ने राज्य भर में 34,073 स्वयं सहायता समूहों की 4,42,949 महिला सदस्यों के लिए 3,190.10 करोड़ रुपये की ऋण लिंकेज योजना का उद्घाटन किया और इस अवसर पर चेन्नई, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों की 46,592 महिला स्वयं सहायता समूहों को 366.26 करोड़ रुपये के बैंक ऋण प्रदान किए। उन्होंने मदर टेरेसा महिला विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति यशोदा शानमुगसुंदरम को 2025 के लिए अवैयार पुरस्कार और कन्याकुमारी की जिलाधिकारी अझुघु मीना और कांचीपुरम की जिलाधिकारी कलईसेलवी मोहन को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य बालिका संरक्षण दिवस पुरस्कार प्रदान किए। स्टालिन ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं को सभी जगहों पर उचित सम्मान दिया जाना चाहिए, फिर चाहे वह राजनीति हो या काम।

पुरस्कार — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एथिराज महिला कॉलेज, एग्मोर में आयोजित एक कार्यक्रम में समाज कल्याण–महिला अधिकार मंत्री पी. गीता जीवन, महानगर चेन्नई निगम की मेयर आर. प्रिया ने भाग लिया और रेनड्रॉप्स कम्युनिटी ऑर्गनाइजेशन की ओर से इतिहास रचने वाली महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस कार्यक्रम में एथिराज महिला महाविद्यालय के प्राचार्य वी.एम. मुरलीधरन, राज्य योजना समिति के सदस्य डॉ. सुल्तान इस्माइल, रेनड्रॉप्स सामुदायिक संगठन के संस्थापक अरविन्द जयपाल, वीजी संथोसम ने भी भाग लिया।

## तनूर से लापता छात्राएं महाराष्ट्र में मिलीं, एक युवक पकड़ा

**मलप्पुरम/भाषा।** केरल के तनूर से कुछ दिनों पहले लापता हुई दो स्कूली छात्राओं के मामले में पुलिस ने शनिवार को एक युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

तनूर से लापता दोनों छात्राएं बाद में महाराष्ट्र में मिली थीं। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एडवन्ना निवासी रहीम असलम को मुंबई से शनिवार सुबह यहां पहुंचने पर हिरासत में लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे उससे पूछताछ करेंगे और अगर वह मामले में संलिप्त पाया गया तो उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि लापता लड़कियां बृहस्पतिवार रात महाराष्ट्र के लोनावाला के पास मिली और वे फिलहाल पुलिस की सुरक्षा में हैं। पुलिस ने कहा कि उनके दोपहर तक वापस आ जाने की उम्मीद है। पुलिस ने बताया कि बयान दर्ज करने और बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने सहित कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद लड़कियों को उनके माता-पिता को सौंप दिया जाएगा। लड़कियों को वापस लाने के लिए केरल से शुक्रवार को पुलिस की एक टीम को महाराष्ट्र भेजा गया।

पुलिस ने बताया कि लड़कियों को केरल पुलिस टीम को सौंप दिया गया है। टीम में महिला अधिकारी शामिल हैं और टीम सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद तनूर के लिए रवाना हो गई हैं। पुलिस ने बताया कि लड़कियों के महाराष्ट्र जाने के असल कारण का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। टीवी चैनलों ने एक वीडियों प्रसारित किया है जिसमें पनवेल पहुंचने पर लड़कियों को 'एक हेयर सैलून' में जाते हुए देखा जा सकता है।

पुलिस ने एक दिन पहले बताया था कि सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 12वीं कक्षा की दोनों छात्राएं बुधवार को परीक्षा देने के लिए घर से निकली थीं, लेकिन स्कूल नहीं पहुंचीं।

## कोच्चि में डीआईजी कार्यालय पर पथराव करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कोच्चि/भाषा।** केरल में कोच्चि के निकट कलमस्सेरी में उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) कार्यालय पर पथराव करने के आरोप में एक युवक को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान कोझिकोड जिले के मुक्कोम निवासी विष्णु के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि घटना के समय आरोपी कथित तौर पर नशे की हालत में था। अधिकारियों के अनुसार, विष्णु अपने मोबाइल फोन के गुम होने की शिकायत दर्ज कराने के लिए शनिवार सुबह डीआईजी कार्यालय पहुंचा था। हालांकि, उसे स्थानीय पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराने का निर्देश देकर उसे वापस भेज दिया गया। इससे निराश होकर वह बाद में वापस लौटा और कार्यालय पर पथराव किया जिससे कार्यालय का वह बोर्ड क्षतिग्रस्त हो गया जिस पर नाम लिखे होते हैं। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया, लेकिन नशे की हालत के कारण शुरू में वे उससे पूछताछ नहीं कर सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## पुलिस से बचने के लिए मादक पदार्थ की पुड़िया निगलने वाले युवक की मौत

**कोझिकोड/भाषा।** केरल में पुलिस को देखकर मादक पदार्थ एमडीएम की दो पुड़ियों को निगलने वाले एक व्यक्ति की शनिवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान कोझिकोड के समीप मायकावु निवासी शनिद (28) के रूप में हुई है। पुलिस सूत्र ने बताया कि शुक्रवार को उसने पुलिस को देखकर एमडीएमए की दो पुड़िया निगल ली और भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

इसके बाद उसे कोझिकोड राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी 'एंडोस्कोपी' की गई, जिसमें उसके पेट में सफेद दानों वाली दो पुड़िया पाई गई। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजकर 20 मिनट पर उसकी मौत हो गई। इस बीच, पुलिस ने उसके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन: पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार, शनिद के खिलाफ जिले के थामारस्सेरी और कोडेनचेरी थानों में मादक पदार्थ से संबंधित कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि मौत के असल कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम के बाद ही हो सकेगा।

## तटरक्षक बल और डीआरआई ने संयुक्त अभियान में 33 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय तटरक्षक बल और राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने हाल ही में एक बड़े मादक पदार्थ निरोधक अभियान के दौरान मालदीव जाने वाले एक जहाज से 33 करोड़ रुपये का हशीश तेल जब्त किया। एक बया में इसकी जानकारी दी गयी है। शनिवार को जारी बयान के मुताबिक, तटरक्षक बल और डीआरआई ने भारतीय जलक्षेत्र में मादक पदार्थों से लदे एक जहाज को सफलतापूर्वक रोका।

इस जहाज के जरिये मालदीव में मादक पदार्थों की तस्करी को रोका जा सका। बयान में कहा गया है कि डीआरआई ने पांच मार्च को तमिलनाडु के तूतीकोरिन से माले के रास्ते में एक जहाज पर संभावित मादक पदार्थों की खेप के बारे में खुफिया जानकारी साझा की। विज्ञप्ति के मुताबिक, भारतीय तटरक्षक बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो जहाजों को रवाना किया और मन्नार की खाड़ी के दक्षिण में संदिग्ध जहाज को रोक लिया गया।

चालक दल को पकड़ लिया गया और डीआरआई ने आगे की जांच के लिए जहाजों को तूतीकोरिन बंदरगाह तक ले जाने का अनुरोध किया।

विज्ञप्ति के मुताबिक, तट रक्षक बल के जहाजों ने पकड़े गए जहाज को समुद्र में लगभग 40 घंटे तक सुरक्षित रूप से तूतीकोरिन में प्रवेश कराया। सात मार्च को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे संदिग्ध जहाज और चालक दल के नौ सदस्यों को डीआरआई को सौंप दिया गया। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की पुष्टि हशीश तेल के रूप में हुई, जिसका वजन लगभग 30 किलोग्राम था और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसका अनुमानित मूल्य 33 करोड़ रुपये है। विज्ञप्ति में बताया गया कि डीआरआई मामले में कानूनी कार्रवाई कर रहा है।

महिला सशक्तिकरण — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई में शनिवार को नेहरू इंडोर स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक समारोह की अध्यक्षता की और मदर टेरेसा महिला विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. यशोदा शनमुगसुंदरम को वर्ष 2025 के औवैयार पुरस्कार से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, समाज कल्याण महिला अधिकार विभाग की मंत्री बी. गीता जीवन, मानव संसाधन प्रबंधन मंत्री एन. कयालविझी सेल्वराज, महानगर चेन्नई निगम की महापौर आर प्रिया सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। समारोह में कैरम विश्व चैंपियन सुश्री कासिमा, कलाकार महिला अधिकार परियोजना लाभार्थी सुश्री एलिजाबेथ, महिला स्वयं सहायता समूह सदस्य सुश्री निर्मला, पुदुमई बेन और नान मुलवन परियोजना लाभार्थी सुश्री भवानी, सुश्री नित्यश्री, एक छात्रा जो उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति के लिए विदेश गई थी, लाभार्थियों आदि ने भाग लिया।



## पासिंग आउट परेड के बाद 100 से अधिक अधिकारी कैडेट भारतीय सेना में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई के अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में आयोजित 'पासिंग आउट परेड (पीओपी)' के बाद शनिवार को महिलाओं सहित 100 से अधिक अधिकारी कैडेट को भारतीय सेना में शामिल किया गया। सैन्य प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ओटीए के परमेश्वरन ड्रिल स्क्वायर' में शानदार सैन्य परेड के साथ 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' और समकक्ष पाठ्यक्रमों के अधिकारियों का 'पासिंग आउट' समारोह आयोजित किया गया। बयान में कहा गया, कुल 133 अधिकारी कैडेट और 24 अधिकारी कैडेट (महिलाओं) को भारतीय सेना की विभिन्न शाखाओं और सेवाओं में शामिल किया गया। इसके अलावा पांच मित्र देशों के पांच विदेशी अधिकारी कैडेट और सात विदेशी अधिकारी कैडेट (महिलाओं) ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया, जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार सौहार्द और सहयोग के बंधन को बढ़ावा मिलेगा।

'पासिंग आउट परेड' का अवलोकन नयी दिल्ली के इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जॉनसन पी मैथ्यू ने किया, जिन्होंने विभिन्न कैडेट को तलवार, ओटीए गोल्ड मेडल और अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए।

## हैदराबाद मेट्रो ने 'हृदय' को हरित गलियारा बनाकर 12 मिनट में 13 किलोमीटर दूर पहुंचाया

**हैदराबाद/भाषा।** हैदराबाद मेट्रो रेल ने दान किए गए एक हृदय के त्वरित और निर्बाध परिवहन की व्यवस्था के लिए एक समर्पित हरित गलियारा स्थापित किया, जिसकी मदद से 11 स्टेशनों से होकर 13 किलोमीटर की दूरी केवल 12 मिनट में तय कर गई। एलएंडटी मेट्रो रेल (हैदराबाद) लिमिटेड की एक विज्ञप्ति के अनुसार, एलबी नगर स्थित कामिनेनी अस्पताल से सिकंदराबाद के रसूलपुरा स्थित केआईएमएस अस्पताल तक दान किए गए इस हृदय को तेजी से स्थानांतरित करने के लिए रात नौ बजकर 16 मिनट पर हरित गलियारा बनाया गया, जिससे इस जीवन रक्षक मिशन में समय की बचत सुनिश्चित हुई।

## रुपये नहीं देने को लेकर मां पर हमला करने के आरोपी बेटे को मिली जमानत

**कोच्चि/भाषा।** केरल उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष नये साल की पूर्व संध्या पर जश्न मनाने के लिए रुपये देने से इनकार करने के लिए मां पर कई बार चाकू से हमला करने वाले आरोपी बेटे को जमानत दे दी। महिला ने अदालत से कहा था कि वह अपने बेटे को जेल में सड़ते हुए नहीं देख सकती है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हीकृष्णन ने कहा कि वह मां की किस्मत और दर्द' को देखते हुए जमानत देने के लिए 'मजबूर' हैं। इसके साथ ही अदालत ने कहा, हमारे देश के युवाओं की मानसिक स्थिति आश्चर्यजनक और परेशान करने वाली है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हीकृष्णन ने कहा, नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जश्न मनाने के लिए पैसे न देने पर याचिकाकर्ता (बेटे) ने अपनी ही मां पर हमला कर उसे गंभीर चोट पहुंचायी। अब मां ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि उसे (आरोपी बेटे को) जमानत देने पर कोई आपत्ति नहीं है। अदालत ने कहा, मुझे यकीन है कि महिला के शरीर पर लगे घाव भले ही ठीक न हुए हों, लेकिन बेटे के प्रति उसका प्यार घावों पर हावी हो गया है। मां की किस्मत और दर्द को देखते हुए मैं याचिकाकर्ता को जमानत देने के लिए मजबूर हूं। एक मां का अपने बेटे के प्रति प्यार गुलाब की तरह होता है, जो हमेशा खिलता रहेगा। अदालत ने शुक्रवार को जमानत देते हुए कहा कि समाज और माता-पिता को युवा पीढ़ी पर कड़ी नजर रखनी चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके रिश्ते अच्छे लोगों के साथ हों। आरोपी को एक जनवरी को गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 और 109 के तहत अपराध के लिए मामला दर्ज किया गया।

## विझिंजम बंदरगाह पर महिलाएं क्रेन संचालन का कार्य कर रहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल का विझिंजम बंदरगाह न केवल देश का एक प्रमुख ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल है, बल्कि यह महिलाओं को रोजगार देने के लिए भी जाना जा रहा है। स्थानीय मछुआरा समुदाय की महिलायें यहां विशाल स्वचालित कैंटीलीवर रेल माउंटेड गैंट्री (सीआरएमजी) क्रेनों का संचालन कर रही हैं। पुरुषों के वर्चस्व वाले इस क्षेत्र में नौ महिलाएं अपने पुरुष सहकर्मियों के साथ काम कर रही हैं। बंदरगाह के एक अधिकारी के अनुसार ये महिलायें देश में पहली बार इस तरह की क्रेनों का संचालन कर रही हैं, क्योंकि ये पूरी तरह स्वचालित मशीनें भारत के किसी अन्य बंदरगाह पर उपलब्ध नहीं हैं।

इन महिलाओं में से सात आसपास के मछुआरा समुदाय से आती हैं जिन्होंने वर्ष 2022 में बंदरगाह निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया था। सभी स्नातक उत्तीर्ण हैं और अधिकतर के लिए यह पहली नियमित नौकरी है। प्रीनू तीस वर्ष की है और उसने बीएससी केमिस्ट्री में स्नातक की उपाधि हासिल की है। वह पहले शिक्षिका बनना चाहती थी। उनके पिता और पति मछुआरे हैं, लेकिन मछली पकड़ने से होने वाली आय पर्याप्त नहीं थी। इसी दौरान उन्होंने सुना कि बंदरगाह स्थानीय निवासियों, विशेष रूप से विझिंजम की महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए क्रेन चलाने वालो की भर्ती कर रहा है।

उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, मुझे बताया गया कि यह एक स्थायी नौकरी है, इसलिए मैंने आवेदन किया और मेरा चयन हो गया। छह महीने पहले मैंने यहां काम शुरु किया, एक महीने का प्रशिक्षण लिया और फिर बतौर पर्यवेक्षक कुछ महीने काम किया। अब मैं स्वतंत्र रूप से क्रेन चला रही हूं। उन्होंने कहा कि उनकी कमाई से परिवार को आर्थिक मजबूती मिली है। हालांकि स्वचालित क्रेन होने के कारण काम ज्यादा मुश्किल नहीं है। बंदरगाह अधिकारी ने बताया कि नौ महिलाओं समेत 20 लोग क्रेन संचालन का कार्य करते हैं।

एल कार्तिका (27) पहले कोच्चि बंदरगाह में क्रेन संचालक के रूप में एक साल काम कर चुकी हैं। मूल रूप से नेय्याटिंकारा की निवासी कार्तिका ने वर्ष 2023 में विझिंजम बंदरगाह में सेवाएं देना शुरु किया। उन्होंने इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है। उन्होंने कहा, जब मैंने यहां काम शुरु किया, तो कुछ भी नहीं था। मुझे गुजरात में एक महीने के लिए प्रशिक्षण पर भेजा गया और जब मैं लौटी, तो क्रेनें आ चुकी थीं। कार्तिका के मुताबिक, सभी क्रेन संचालक 12 घंटे की शिफ्ट में काम करते हैं। पहली शिफ्ट सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक और दूसरी रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक रहती है। कंपनी कर्मचारियों के लिए शिफ्ट-आधारित परिवहन सुविधा भी प्रदान करती है।

बंदरगाह सूत्रों के अनुसार, अन्य महिला क्रेन संचालकों में एस अनीशा (29), एल सुनीता राज (35), डी आर स्टेफी रिबेरा (30), आर एन राजीथा (36), पी आशा लक्ष्मी (33), ए वी श्रीदेवी (37) और जे डी नथाना मैरी शामिल हैं। विझिंजम बंदरगाह का विकास 'अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड' (एपीएसइजेड) ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत 8,867 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया है। इसे चार दिसंबर 2023 को व्यावसायिक संचालन प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ था और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बंदरगाह के औपचारिक उद्घाटन का इंतजार है। बंदरगाह के वर्ष 2028 तक पूरी क्षमता से चालू होने की उम्मीद है।



# जयपुर में आईफा अवार्ड्स का आयोजन प्रदेश के लिए गर्व की बात : भजनलाल शर्मा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे गौरवशाली राज्य की राजधानी जयपुर में इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवार्ड (आईफा) का सिल्वर जुबली का आयोजन होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आईफा केवल एक अवॉर्ड समारोह नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा और संस्कृति के वैश्विक विस्तार का प्रतीक है, जिससे राजस्थान को अंतरराष्ट्रीय फिल्म और मनोरंजन उद्योग में नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित आईफा अवार्ड्स का आयोजन राजस्थान में पहली बार हो रहा है।

शर्मा शनिवार को नोवोटल कन्वेंशन सेंटर में आईफा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक मनोरंजन और सांस्कृतिक उद्योग का केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। आईफा का यह आयोजन उसी विजन का एक सशक्त प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि आईफा का आयोजन राजस्थान को एक वैश्विक फिल्म शूटिंग स्थल, डेस्टिनेशन वेडिंग और लाइव इवेंट्स के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में भी स्थापित करेगा। साथ ही, राजस्थान में कॉनसर्ट टूरिज्म के नए आयाम भी खुलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सदियों से अपनी भव्यता, शाही विरासत और राजसी आतिथ्य के लिए प्रसिद्ध रहा है। हर साल हजारों विवाह यहां के भव्य महलों, किलों, हवेलियों और होटलों में होते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेलेब्रिटी भी राजस्थान को अपनी ड्रीम वेडिंग के लिए चुन रहे हैं। देश की 75 प्रतिशत हेरिटेज प्रॉपर्टी यहां है, जो इसे डेस्टिनेशन वेडिंग का सबसे आकर्षक स्थल बनाती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राजस्थान में विवाह एवं ऐसे अन्य भव्य आयोजनों से होटल, पर्यटन, स्थानीय कारीगरों और पारंपरिक हस्तशिल्प उद्योग को लाभ हुआ है।

शर्मा ने कहा कि पिछले एक वर्ष में राजस्थान में 61 वेब सीरीज, डॉक्यूमेंट्री, विज्ञापन फिल्म, फीचर फिल्म, टीवी शो, टीवी सीरियल और म्यूजिकल वीडियो की शूटिंग हुई है। उन्होंने कहा कि जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, बीकानेर, पाली, जैसलमेर और शेखावाटी जैसे क्षेत्र निर्माता–निर्देशकों की विशेष पसंद बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की अनुपम संभावनाएं फिल्म निर्माण के लिए इसे आदर्श गंतव्य बनाती हैं। यहां की सुनहरी रेत, विशाल किले, शांत झीलें, वन्य जीव अभयारण्य, अरावली के पहाड़, चम्बल का किनारा और जीवंत ग्रामीण जीवन फिल्मकारों के अपने सपनों को साकार करने के लिए एक कैनवास प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के बिना बॉलीवुड की कल्पना नहीं की जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सड़क, रेल, और हवाई मार्ग से देश और दुनिया से बेहतरीन तरीके से जुड़ा हुआ है। जयपुर, जोधपुर, किशनगढ़, जैसलमेर, उदयपुर और बीकानेर जैसे शहर भी हवाई मार्ग से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री के राजस्थान पर विशेष स्नेह के कारण यहां से देश के हर कोने के लिए ट्रेनें उपलब्ध हैं। राजस्थान का समृद्ध सड़क तंत्र राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ दूर–दराज के इलाकों तक पहुंच सुनिश्चित करता है।

शर्मा ने कहा कि बॉलीवुड के कलाकार राजस्थान के ब्रांड एम्बेसडर हैं। वे जब राजस्थान की धरती पर आते हैं तब धरती धोरां री और पधारो म्हारे देश की संस्कृति को दुनियाभर में लेकर जाते हैं। यहां की सड़कें न केवल शहरों को जोड़ती हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों तक फिल्म निर्माण की राह आसान बनाती हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण को सरल बनाने के लिए राजस्थान सरकार की सिंगल विंडो सुविधा एक वरदान है। यहां ऑनलाइन परमिशन सिस्टम के जरिए सभी क्लीयरेंस 15 दिनों के भीतर जारी हो जाते हैं। वन्य जीवन पर आधारित फिल्में और डॉक्यूमेंट्री बनाने वालों के लिए राजस्थान एक स्वर्ग है। जवाई और झालाना में लेपर्ड की मौजूदगी, रणथंभौर और सरिस्का जैसे प्रोजेक्ट टाइगर रिजर्व जैव–विविधता को दर्शाते हैं।

मुख्यमंत्री ने फिल्मजगत के अतिथियों से अनुरोध करते हुए कहा कि राजस्थान में फिल्म बनाना केवल एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक अनुभव है जहाँ प्रकृति, इतिहास और संस्कृति आपके हर दृश्य को अमर कर देती है। राजस्थान की धरती आपको बुला रही है। उन्होंने आइफा के सफल आयोजन के लिए राजस्थान की 8 करोड़ जनता की ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजस्थान की मेहमान नवाजी सभी को पसंद आती है।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश का पहला ग्रीन बजट इस वर्ष पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जल आवश्यकता की पूर्ति के लिए मध्यप्रदेश और हरियाणा के साथ जल समझौते किए गए हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान में राजस्थान पौधारोपण में अग्रणी राज्य रहा। उन्होंने कहा कि आईफा अवार्ड आयोजन से प्रदेश में और अधिक फिल्मों की शूटिंग होंगी साथ ही, पर्यटन का बढ़ावा मिलेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुरा स्थित रीको परिसर में आईफा गार्डन का उद्घाटन किया तथा पौधारोपण भी किया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, आईफा अवार्ड आयोजन समिति के सब्बास जोसेफ, विराफ सरकारी एवं आंद्रे टीमिन्स सहित फिल्म जगत के कलाकार उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर राजस्थान रॉयल्स ने लांच की 'पिंक प्रॉमिस' जर्सी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक मई को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए 'पिंक प्रॉमिस' जर्सी लांच की। राजस्थान रॉयल्स फाउंडेशन (आरआरएफ) ने महिलाओं के नेतृत्व वाली पहल को बढ़ावा देने के लिए 'औरत है तो भारत है' नामक अभियान फिल्म लॉन्च की। राजस्थान रॉयल्स की टीम राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण परिवर्तन के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के लिए खरीदे गए प्रत्येक टिकट के लिए 100 रुपये का योगदान भी करेंगे। इसके अलावा इस विशेष 'ऑल–पिंक रॉयल्स जर्सी' की बिक्री से होने वाली राशि सीधे आरआरएफ को इसके सामाजिक प्रभाव पहल का समर्थन करने के लिए जाएगी। किसी भी टीम द्वारा मैच में हर छक्के के लिए राजस्थान रॉयल्स और आरआरएफ सांभर क्षेत्र में छह घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कहा, 'पिंक प्रॉमिस' के जरिये हम केवल लोगों पर ही नहीं बल्कि उनके परिवारों और समुदायों पर एक स्थायी प्रभाव पैदा करने का प्रयास करते हैं। पिछले साल हमने खुद देखा कि कैसे इस पहल ने जीवन को बदल दिया।



## पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने अपना जन्मदिन बीएसएफ के जवानों के साथ मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने अपना जन्मदिन बीएसएफ के जवानों के साथ मनाया

जैसलमेर। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शनिवार को अपना जन्मदिन भारत–पाकिस्तान की सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के साथ मनाया। राजे ने तनोट मंदिर में माता की पूजा की और सैनिकों की रक्षा और देश की सुरक्षा के लिए शत्रु विनाशक यज्ञ करवाया। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली की कामना भी की। इस अवसर पर उनके साथ जैसलमेर से विधायक छोटू सिंह भाटी और पोकरण से विधायक प्रताप पुरी महाराज भी मौजूद थे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मातेश्वरी तनोट राय के आशीर्वाद से कमल खिलता रहे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का जनाधार बढ़ता रहे और मेरी मां राजमाता ने जो विचारधारा की ज्योति जलाई थी, वह तेजी से बढ़ती रहे। राजे बिना किसी पूर्व सूचना के तनोट पहुंचीं, लेकिन जब भाजपा के कार्यकर्ताओं को उनके आगमन की जानकारी मिली तो वे बड़ी संख्या में उन्हें बधाई देने वहां पहुंच गए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 1965 और 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सेना ने तनोट माता के मंदिर पर हमला करने का असफल प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि दोनों बार पाकिस्तान की हार हुई। वहीं, शनिवार को पूरे प्रदेश में राजे का जन्मदिन मनाया गया। सभी जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गायों को चारा खिलाया, रोगियों को फल बांटे, सुंदरकांड का पाठ किया और महिलाओं को सम्मानित किया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी वसुंधरा राजे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



## भारत को विकसित बनाने में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण : भजनलाल शर्मा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत–विकसित राजस्थान बनाने में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि महिलाएं राजनीति, कला, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा सहित हर मोर्चे पर अपने उत्कृष्ट काम से देश और प्रदेश को गौरवान्वित कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिड़ला सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने मातृशक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि अंतिम पंक्ति पर खड़ी जरूरतमंद महिलाओं को मुख्य धारा में लाने के लिए मिलकर प्रयास करें और देश–प्रदेश को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। शर्मा ने कहा कि महिलाएं त्याग, करुणा, स्नेह, धैर्य, सहनशीलता, संवेदनशीलता, सौम्यता, विनम्रता, वीरता, सहानुभूति जैसे अनेक गुणों की प्रतिमूर्ति होती हैं, यह दिन मातृशक्ति के योगदान को सम्मान देने का अवसर तथा हर क्षेत्र में महिलाओं की शानदार उपलब्धियों पर गर्व करने का दिन है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे के लिए उसकी मां ही उसकी प्रथम गुरु होती है तथा व्यक्ति को सुशिक्षित एवं सभ्य बनाने में नारी का बहुत बड़ा योगदान होता है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लाडो प्रोत्साहन योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर दिए जा रहे एक लाख रुपये के बचत बॉन्ड की राशि को बढ़ाकर एक लाख 50 हजार रुपये करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसलों से देश में महिलाएं सशक्त तथा आत्मनिर्भर बन रही हैं। शर्मा ने कहा कि प्रदेश की सरकार महिलाओं के कल्याण और हितों के लिए काम कर रही है। राज्य सरकार द्वारा लखपति दीदी योजना के तहत तीन लाख से ज्यादा महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। साथ ही, मातृ वंदना योजना से करीब पांच लाख महिलाएं लाभान्वित हुई हैं।

इस कार्यक्रम में मौजूद उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि समाज में महिलाओं के लिए अवसरों में समानता निरंतर बढ़ रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में महिलाओं की स्टार्ट–अप, व्यवसाय, कला, पर्यटन, खेल, मीडिया सहित सभी क्षेत्रों में भागीदारी में वृद्धि हुई है, इस आधी आबादी में निर्णय लेने की गजब क्षमता होती है जिससे परिवार, देश, समाज आगे बढ़ता है।



## विधानसभाओं और संसद में नियोजित गतिरोध लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए उचित नहीं : बिरला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सहमति और असहमति को लोकतंत्र की ताकत बताते हुए शनिवार को कहा कि विधानसभाओं और संसद में नियोजित गतिरोध लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए उचित नहीं है। बिरला ने यहां 'कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान' के शुरुआती कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सहमति और असहमति लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन विधानसभाओं और संसद में सुनियोजित गतिरोध लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए ठीक नहीं, जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विधायी संस्थानों को चर्चा और संवाद का केंद्र बनना होगा। बिरला ने कहा कि भारत का संविधान केवल कानूनों का संकलन नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक मार्गदर्शक है। पिछले 75 वर्षों में संविधान के मार्गदर्शन में हमने कई परिवर्तन देखे हैं। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में सार्थक संवाद और स्वस्थ बहस होनी चाहिए, व्यक्तिगत आरोप–प्रत्यारोप और जानबूझकर पैदा किए गए गतिरोध लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि यह संविधान क्लब पक्ष–विपक्ष के बीच सार्थक विमर्श और सहमति का मंच बनेगा। बिरला ने कहा कि यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श, विचारशीलता और नीति–निर्माण को दिशा देने वाला मंच है। लोकतंत्र केवल चुनाव तक सीमित नहीं होता, बल्कि सतत संवाद और सहमति से आगे बढ़ता है। यह क्लब नीति–निर्माण और सुशासन को नयी ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान विधानसभा हमेशा मार्गदर्शक रही है, यहां पारित कई विधेयक पूरे देश के लिए उदाहरण बने हैं। उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत और वर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थान की भूमि ने लोकतांत्रिक परंपराओं को सदैव समृद्ध किया है।

## बाड़मेर में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस

जयपुर। राजस्थान के अनेक इलाकों में तापमान बढ़ने लगा है जहां बीते चौबीस घंटे में सबसे अधिक तापमान सीमावर्ती बाड़मेर में 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार इस दौरान राज्य में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा।

मौसम केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह तक के चौबीस घंटे में राज्य में सर्वाधिक तापमान बाड़मेर में 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान संगरिया में 08.1 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के अधिकांश भागों में आगामी सप्ताह के दौरान मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहेगा।

## प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ- 5 लाख से अधिक प्रकरणों का आपसी समझाइश से होगा निस्तारण

जयपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह ने शनिवार को राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ परिसर में वर्ष 2025 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए न्यायाधिपति सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आपसी समझाइश द्वारा लंबित प्रकरणों के निस्तारण की मूल भावना को साकार किया जाता है। जिससे पक्षकारों के समय की बचत के साथ–साथ उनके मध्य वैमनस्य का भाव भी समाप्त होता है।

न्यायाधिपति सिंह ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित प्रकरणों सहित प्री–लिटिगेशन स्तर तक के समस्त प्रकरणों का आपसी समझाइश से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रकरणों की सुनवाई ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यमों से की जाएगी।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरि ओम अत्रि ने बताया कि जन सामान्य के द्वारा अपने प्रकरणों को राजीनामे के माध्यम से निपटाने हेतु प्रकरण राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवाए जाएंगे। इन प्रकरणों की सुनवाई हेतु अधीनस्थ न्यायालयों की कुल 468 बैंचों का गठन किया गया। अत्रि ने बताया कि 24 फरवरी तक इन बैंचों में 3 लाख 39 हजार 344 प्री–लिटिगेशन तथा न्यायालयों में लम्बित 2 लाख 8 हजार 605 प्रकरणों सहित कुल 5 लाख 47 हजार 949 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी।

## बागड़े ने क्षेत्रीय विकास एवं सामुदायिक उत्थान की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



फलौदी। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाएं बहुत ही महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। बागड़े ने शनिवार को फलौदी कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं और कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति तथा प्राप्त उपलब्धियों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाएं बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने भौगोलिक परिस्थितियों एवं संसाधनों की कमी से प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार के लिए योजना एवं कार्यक्रम, स्थानीय नागारिकों के पलायन को रोके जाने के लिए किए जा रहे प्रयास तथा हिन्दू विस्थापितों की स्थिति एवं सुरक्षा पर्यवेक्षण सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और सम सामयिक हालातों पर जानकारी ली। राज्यपाल ने इस दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्वामित्व योजना ग्रामीण, वृक्षारोपण सहित केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

# देश में निवेश के लिए उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा गंतव्य : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नोएडा/भाषा।** उत्तर प्रदेश देश में निवेश के लिए सबसे बड़ा गंतव्य है और माइक्रोसॉफ्ट का आगामी अनुसंधान एवं विकास केंद्र इसका प्रमाण है। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यह बात कही। मुख्यमंत्री ने यहां माइक्रोसॉफ्ट के 'इंडिया डेवलपमेंट सेंटर' (आईडीसी) की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर आदित्यनाथ ने कहा, ''मुझे बताया गया है कि माइक्रोसॉफ्ट का इंडिया डेवलपमेंट सेंटर उनके मुख्यालय के बाहर अनुसंधान और विकास का सबसे बड़ा केंद्र बन जाएगा... हैदराबाद के बाद, अब उत्तर प्रदेश एक नए




परिसर के रूप में माइक्रोसॉफ्ट का घर बनने जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि आईडीसी नोएडा न केवल एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग के जरिये भारत के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा में नवाचारों के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा।

आदित्यनाथ ने गौतम बुद्ध नगर में एमएक्यू सॉफ्टवेयर के एआई इंजीनियरिंग सेंटर और सिफी डेटा सेंटर का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की नीतियों को आधुनिक युग की मांग, युवाओं की जरूरतों और अनुसंधान एवं विकास के जरिये विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप आकार दिया जा रहा है। उन्होंने एकल खिड़की निपटान प्रणाली 'निवेश मित्र' की भी सराहना की, जो राज्य के पारदर्शी दृष्टिकोण और उद्योग समर्थक नीतियों का उदाहरण है। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ 2025 दुनिया का सबसे बड़ा मानव समागम था, जहां हमने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में एआई का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया, जिसके चलते 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज आए और पवित्र स्नान करने के बाद सुरक्षित अपने गंतव्य पर लौटे। उन्होंने दादरी में महाराणा प्रताप की एक प्रतिमा का भी उद्घाटन किया।

## संभल के सीओ के बयान से मंत्री ने जताई सहमति



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**संभल (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने हाल ही में एक पुलिस अधिकारी द्वारा दिये गये बयान पर सहमति जताते हुए शनिवार को कहा कि लोकतंत्र में सब अपनी-अपनी विचारधाराओं की बात रखते हैं।

संभल के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनुज चौधरी ने हाल ही में होली और जुमे की नमाज को लेकर कहा था कि होली एक ऐसा त्योहार है जो साल में एक बार आता है, जबकि जुमे की नमाज साल में 52 बार होती है। सीओ चौधरी ने कहा था कि अगर किसी को होली के रंगों से असहजता महसूस होती है, तो उन्हें उस दिन घर के अंदर ही रहना चाहिए, जो लोग बाहर निकलते हैं, उन्हें व्यापक सोच रखनी चाहिए, क्योंकि त्योहार एक साथ मिलकर मनाए जाने चाहिए। संभल में भाजपा जिला कार्यालय में गुलाब देवी ने संवाददाताओं द्वारा संभल के सीओ अनुज चौधरी के होली के बयान पर पूछे जाने पर कहा, ''सबकी अपनी विचारधारा है और लोकतंत्र में सभी अपनी बात रखते हैं। मैं समझती हूं कि उसमें ऐसी कोई बात नहीं है, जुमा तो साल में कितनी बार आता लेकिन होली साल में एक बार ही आती है।'' संभल जिले के चंदौसी विस क्षेत्र (आरक्षित) से विधायक गुलाब देवी ने कहा कि दोनों पक्षों को त्योहार साथ मनाना चाहिए और शांति-व्यवस्था बनाए रखनी चाहिए। गुलाब देवी ने यह भी कहा कि ''देश और प्रदेश में धर्म योगी बैठे हैं (प्रधानमंत्री और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) और यहां राम राज्य है।''

## तेजी से विकास के लिए कुशल शासन की जरूरत: वी. सोमन्ना



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ईटानगर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री वी. सोमन्ना ने अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की और जनता की जरूरतों को पूरा करने तथा तेजी से विकास लिए कुशल शासन के महत्व पर जोर दिया।

आधिकारिक बयान में शनिवार को कहा गया कि केंद्रीय रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री सोमन्ना ने सभी हितधारकों से जन कल्याण को प्राथमिकता देने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि लोगों को इन योजनाओं का समय पर प्रभावी रूप से लाभ पहुंचे।

समीक्षा बैठक के दौरान शुक्रवार को उन्होंने विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को सुचारू रखने के लिए राज्य और केंद्र सरकार की एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने के मकसद से स्थापित 'जन औषधि योजना' के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने इस पहल के लिए पूर्ण सरकारी समर्थन का आश्वासन दिया।

इससे पहले, लोहित के उपायुक्त के. एन. दामो ने जिले के विकास पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

अरुणाचल पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद तापिर गाओ ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) पर चिंता जताते हुए कहा कि अपर्याप्त केंद्रीय अनुदान के कारण यह कार्यक्रम राज्य सरकार के वित्तपोषण पर काफी हद तक निर्भर है। उन्होंने बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांग व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाले इस कार्यक्रम को जारी रखने के लिए अधिक केंद्रीय सहायता की मांग की।

## महिलाएं अपनी बुद्धिमत्ता से हमारा भविष्य गढ़ती हैं: मोहन चरण माझी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को कहा कि महिलाएं अपनी शक्ति, बुद्धि और दृढ़ संकल्प से देश के भविष्य को आकार देती हैं। माझी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह टिप्पणी की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ की हड्डी हैं, जो अपनी शक्ति, बुद्धि और दृढ़ संकल्प से हमारा भविष्य गढ़ती हैं। आइए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम ओडिशा और उसके बाहर की महिलाओं की अटूट भावना, लचीलापन और उपलब्धियों का जश्न मनाएं। आइए हम सभी अधिक समावेशी, समतामूलक और प्रगतिशील समाज के निर्माण का संकल्प लें, जहां हर महिला सपना देख सके, उसे पूरा कर सके और नेतृत्व कर सके।''

बीजद के अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''महिला सशक्तिकरण सदैव हमारी सभी पहलों के केंद्र में रहा है और ओडिशा 'मिशनशक्ति', 'ममता' और 'जेंडरबजट' जैसी पहलों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने में अग्रणी है। आइए महिला दिवस पर हम हर जगह महिला नेतृत्व का जश्न मनाएं और समाज तथा सर्वोच्च निर्णय लेने वाले निकायों में महिलाओं की बड़ी भूमिका सुनिश्चित करें।''

## बाबा साहब के विचारों और उनकी सोच का अपमान कर रही है भाजपा : पाल



**अमेठी/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत 'डबल इंजन' की सरकार को संविधान विरोधी बताते हुए शनिवार को कहा कि यह बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों और उनकी सोच का अपमान कर रही है। अमेठी के घटकौर में समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान भाजपा को संविधान विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में सामंतशाही व्यवस्था लागू करना चाहती है और उसे संविधान में भरोसा नहीं है।

पाल ने कहा कि जिस संविधान को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने बनाया है, वो संविधान खतरे में है और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और राज्य की सरकार बाबा साहब के विचारों और उनकी सोच का अपमान कर रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान बचाने की मुहिम छेड़ दी है और आज इसी के तहत समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर इस सामंतवादी सरकार को उखाड़ फेंकने का आवाहन कर रहे हैं। पाल ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां पर सभी धर्मों का सम्मान होता है और सभी लोग मिलजुल कर रहते हैं, त्योहार मनाते हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी समाज को बांटने का काम कर रही है।



## बाधाओं से जूझते हुए ऊंची उड़ान भरती हैं विमानन क्षेत्र की महिलाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** विमानन क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं बाधाओं से जूझते हुए अपने सपनों को पूरा करती हैं और ऊंची उड़ान भरती हैं। यहां काम करने वाली एक ऐसी भी महिला है, जो दूरदराज के गांव से आई और वह अपने राज्य की पहली महिला पायलट हैं। वहीं, दूसरी महिला ऐसी हैं, जिन्होंने चरखी-दादरी में हुई विमान दुर्घटना और आईसी-814 अपहरण के कठिन समय के दौरान नई दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन का कार्यभार संभाला था।

इस क्षेत्र में काम करने वाली एक महिला को अपनी मनचाही नौकरी करने के लिए अपने डेढ़ महीने के बच्चे को न चाहते हुए भी घर पर छोड़कर जाना पड़ता है। हालांकि, इनके मन में यह अटूट विश्वास है कि वह एक दिन जरूर अपने बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बना देंगी। उक्त महिलाओं का जन्म स्थान और पालन-पोषण अलग-अलग था, लेकिन फिर भी उनका एक ही लक्ष्य रूढ़िवादिता को तोड़ना और देश के विमानन क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना था। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विमानन क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं ने 'पीटीआई-भाषा' से अपने जीवन की कहानियों को साझा किया। बरनाली विश्वकर्मा नामक महिला 'एयरपोर्ट ऑपरेशन कंट्रोल स्टाफ' (एओसीएस) में एक कार्यकारी हैं। यह विभाग यात्रा, यात्रियों की सुरक्षा और विमान परिचालन का प्रबंधन करता है।


## एनएचआरसी जांच के बीच 1,000 नेपाली छात्र केआईआईटी विश्वविद्यालय लौटे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) और ओडिशा पुलिस द्वारा केआईआईटी परिसर में एक नेपाली छात्रा की कथित आत्महत्या की जांच के बीच, विवि ने दावा किया है कि 16 फरवरी को हुए विरोध के बाद परिसर छोड़ने वाले 1100 में से 1000 नेपाली छात्र वापस आ गए हैं।

निजी विश्वविद्यालय ने छात्रों की वापसी का यह दावा शुक्रवार को तब किया जब इस संबंध में उच्च शिक्षा मंत्री ने सदन में जवाब दिया। ओडिशा के उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय में उचित शैक्षणिक माहौल बनाए रखने के लिए एक समिति का गठन किया है। केआईआईटी ने एक बयान में कहा, कुल 1,100 में से एक हजार नेपाली छात्र अपने अकादमिक कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए लौट आए हैं, जबकि शेष 100 भी जल्द ही वापस आ जाएंगे। विश्वविद्यालय ने यह भी कहा कि छात्रों की वापसी इस संस्थान और इसके अंतरराष्ट्रीय छात्रों, खासतौर से नेपाल से आए छात्रों के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है। विश्वविद्यालय के छात्रावास के कमरे में नेपाली छात्रा प्रकृति लाम्साल (20 वर्ष) की 16 फरवरी को कथित आत्महत्या के बाद अन्य नेपाली छात्रों ने न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान केआईआईटी कर्मचारियों ने कथित तौर पर नेपाली छात्रों को परिसर से बाहर किया और अभद्र भाषा का प्रयोग कर उनके साथ मारपीट भी की।

## अदाणी ने महिलाओं के लिए बंधन मुक्त, अवसरों से भरपूर दुनिया बनाने की इच्छा जताई



**नई दिल्ली/भाषा।** अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं का न सिर्फ स्वागत है, बल्कि ऐसा जरूरी भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रतिभा और अंतर्दृष्टि, ऐसे अमूल्य संसाधन हैं, जिन्हें बर्बाद नहीं किया जा सकता।

अदाणी समूह के चेयरमैन ने लिंक्डइन पर 'बनासकांठा से बोर्डरूम तक: जिन महिलाओं से मेरी दुनिया को आकार दिया' शीर्षक से एक पोस्ट में प्रभावशाली पदों पर बैठे पुरुषों को सलाह दी कि वे लैंगिक समानता को महिलाओं के मुद्दे के रूप में न देखें, बल्कि इसे एक मानवीय अनिवार्यता माने।

एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति ने अपनी तीन पोतियों के लिए कहा कि उनकी प्रतिभा का स्वागत खुले दरवाजे से होना चाहिए, अदृश्य बाधाओं से नहीं। उन्होंने लिखा, ''लैंगिक समानता के बारे में मेरी समझ बोर्डरूम या नीतिगत बहसों में नहीं बनी। यह घर पर ही विकसित हुई, जहां मैं कई महिलाओं से घिरा हुआ था। उनकी ताकत और ज्ञान ने मेरे नजरिये को गहराई से प्रभावित किया।'' अदाणी ने कहा कि एक दशक पहले पहली पोती की वजह से उन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि वह एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद करेंगे, जहां उनकी पोती की आकांक्षाओं की कोई सीमा नहीं होगी, जहां उसकी आवाज किसी भी पुरुष की तरह ही सम्मान के साथ गूंजेगी।

## देश विरोधी गतिविधियों का आरोपी मुरादाबाद से गिरफ्तार

**मुरादाबाद (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ के सुरनकोट के उल्फत हुसैन को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गयी।

बयान के अनुसार एटीएस की सहारनपुर इकाई और संबद्ध एजेंसियों द्वारा एकत्रित खुफिया जानकारी के बाद शुक्रवार को यह गिरफ्तारी की गई, जिसमें हुसैन के आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने और 2001 में दर्ज एक मामले के संबंध में उसकी वांछित स्थिति का संकेत दिया गया। बयान में कहा गया है कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के हत्या का प्रयास (307), शस्त्र अधिनियम का उल्लंघन, पोटा (आतंकवाद निरोधक अधिनियम) और सीएलए (आपराधिक कानून संशोधन) अधिनियम जैसे आरोप में हुसैन वांछित था। वर्ष 2001 में हथियारों और विस्फोटकों के जखीरे की बरामदगी के सिलसिले में भी उसकी तलाश थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए स्थायी वारंट जारी किया गया था और उस पर 25,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

## तेजस्वी ने राबड़ी देवी का 'अपमान' करने के लिए नीतीश पर किया कटाक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को संबोधित करने के तरीके पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद में राजद की महिला सदस्यों के साथ गरमागरम बहस के दौरान विपक्ष की नेता राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए कहा था कि 'इसके पति जब डूब गये तब अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया।' राबड़ी देवी पहली बार 1997 में उस समय मुख्यमंत्री



बनी थीं, जब उनके पति और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को चारा घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा आरोपपत्र दाखिल करने के बाद पद छोड़ना पड़ा था।

कुमार द्वारा किये गये 'इसके पति' शब्द का इस्तेमाल अपमानजनक माना गया और राजद के सदस्यों ने सदन के अंदर इसका विरोध भी किया। तेजस्वी यादव ने बाद में संवाददाताओं से कहा, यह मुख्यमंत्री की दयनीय मानसिक स्थिति को दर्शाता है, जो स्पष्ट रूप से राज्य चलाने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने अपने पूर्व साथी को याद दिलाया कि 'राबड़ी देवी उनसे बड़ी हैं। वह अविभाजित बिहार की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं'।

उन्होंने कहा कि यहां तक कि रिश्ते के संदर्भ में भी, वह (राबड़ी देवी) वरिष्ठ हैं। तेजस्वी का इशारा कुमार द्वारा लालू प्रसाद को अक्सर 'बड़ा भाई' कहने की ओर था। बिहार की राजनीति में लालू और नीतीश दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वी हैं लेकिन कई बार दोनों दलों ने गठबंधन किया है। तेजस्वी ने 'एक महिला को अपमानजनक लहजे में संबोधित किए जाने' की निंदा की।

## नगालैंड विधानसभा ने 24,699 करोड़ रुपए का बजट पारित किया

**कोहिमा/भाषा।** नगालैंड विधानसभा ने शनिवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 24,699.83 करोड़ रुपए का बजट ध्वनि मत से पारित किया। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने बृहस्पतिवार को बजट पेश किया था। उनके पास वित्त विभाग भी है। विधानसभा सदस्यों ने अगले वित्त वर्ष के लिए 82 विभागों की अनुदान मांगों को मंजूरी देने के बाद बजट को पारित किया।

सदन ने अनुदानों की मांगों से संबंधित नगालैंड विनियोग (सं. 3) विधेयक 2025 को भी पारित किया। बजट में उभरते उद्योगों पर विशेष ध्यान देते हुए 5,000 युवाओं को स्वरोजगार और निजी क्षेत्र के रोजगार में प्रशिक्षित करने का प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा नगा संस्कृति और परंपराओं को पुनर्जीवित करने, राज्य की ऊर्जा कमी को दूर करने और ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल की गई हैं।

## मणिपुर : इंफाल पश्चिम में मेइती लोगों का शांति मार्च रोका गया

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में शनिवार को मेइती संगठन द्वारा आयोजित शांति मार्च को इसलिए रोक दिया गया क्योंकि यह प्रदर्शन अंतर-जिला बस सेवाओं को फिर से शुरू करने की सरकार की पहल के दिन हो रहा था।

इस पहल का उद्देश्य लोगों की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करना था। सुरक्षा बलों ने इंफाल से लगभग 18 किलोमीटर दूर सेकमई में फेडरेशन ऑफ सिविल सोसायटी ऑर्गनाइजेशन द्वारा निकाले गए जुलूस को रोक दिया और आयोजकों से सरकार की मुक्त आवाजाही पहल में शामिल होने को कहा। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, अगर वे (स्वयंसेवक) मुक्त आवागमन पहल में भाग लेना चाहते हैं, तो वे सरकार द्वारा व्यवस्थित वाहनों से जा सकते हैं। 'फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइजेशन' के अध्यक्ष टी मनिहार ने कहा, मार्च का उद्देश्य राज्य में शांति लाना है।

## रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास पर कोई चर्चा नहीं : शुभमन गिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** चैंपियंस ट्रॉफी के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के वनडे भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं लेकिन उप कप्तान शुभमन गिल ने शनिवार को कहा कि भारतीय ड्रेसिंग रूम में इन दोनों महान खिलाड़ियों के संन्यास पर चर्चा नहीं हो रही है।

कोहली और रोहित अभी भी इस प्रारूप में दमदार बल्लेबाजी कर रहे हैं लेकिन क्रिकेट जगत में चर्चा है कि अगर भारत चैंपियंस ट्रॉफी जीतता है तो दोनों बल्लेबाज या फिर कम से कम एक अपने करियर को अलविदा कह सकता है। गिल ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल से पहले मैच की



पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''ड्रेसिंग रूम में अभी संन्यास के बारे में कोई चर्चा नहीं हो रही है।'' गिल 'सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी क्रम' का हिस्सा होने पर खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी क्रम में गहराई शीर्ष तीन खिलाड़ियों को खुद को स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने देती है। गिल ने कहा, ''यह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी क्रम है जिसका मैं हिस्सा हूं। रोहित (दुनिया के) सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाजों में से एक हैं और विराट के बारे में बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन हमारी टीम की बल्लेबाजी में गहराई है और इससे शीर्ष क्रम को थोड़ी अधिक स्वतंत्रता के साथ बल्लेबाजी करने की अनुमति मिलती है।'' गिल ट्रॉफी जीतने के भारी दबाव से अवगत हैं। उन्होंने कहा, ''हम सभी फाइनल के लिए उत्साहित हैं। पिछली बार हम 50 ओवर का विश्व कप नहीं जीत पाए थे, लेकिन हम इस बार जीतने के लिए दृढ़ हैं।'' उन्होंने कहा कि टीम बड़े दिन में होने वाले दबाव को संभाल लेगी और ट्रॉफी जीतेगी। गिल ने कहा, ''बड़े मैचों में दबाव होगा। लेकिन जो भी टीम दबाव से निपटेगी, वह फाइनल जीतेगी। हमें इसे किसी भी अन्य मैच की तरह ही लेना होगा और अच्छी टीमें ऐसा ही करेंगी। हमने यहां चार मैच खेले हैं और अच्छा प्रदर्शन किया है इसलिए हम पर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं है।''

## ट्रंप अगर सही हैं तो यह मोदी सरकार का आत्मसमर्पण है : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति के ताजा बयान को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि यदि ''टैरिफ'' (शुल्क) के संदर्भ में डोनाल्ड ट्रंप की बात सही है तो यह मोदी सरकार का आत्मसमर्पण है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को 10 मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र के दूसरे चरण में संसद को विश्वास में लेना चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने शुल्कों में ''काफ़ी कटौती'' करने पर सहमत हो गया है। उन्होंने अपना यह दावा दोहराया कि भारत अमेरिका पर भारी शुल्क लगाता है जिससे वहां उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है। ट्रंप के इस ताजा बयान पर भारत सरकार की तरफ से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इन दिनों अधिकारिक दौरे पर अमेरिका में हैं।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्रंप के ताजा बयान का हवाला देते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए वाशिंगटन डीसी में हैं। इसी बीच, राष्ट्रपति ट्रंप यह बयान देते हैं। भारत ने आखिर क्या सहमति दी है? क्या भारतीय किसानों और विनिर्माण क्षेत्र के हितों से समझौता किया जा रहा है?'' उन्होंने कहा, ''जब संसद 10 मार्च को फिर से शुरू होगी, तब प्रधानमंत्री को इस पर संसद को विश्वास में लेना चाहिए।'' कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, ''140 करोड़ भारतीय नागरिक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के माध्यम से अपनी सरकार की व्यापार नीति को जान रहे हैं। क्या भारत सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के करीबी मित्र डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में टैरिफ में कटौती का फैसला लिया है?'' उन्होंने सवाल किया कि क्या केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल दबाव में झुक गए हैं और 'हाउडी मोदी के करीबी दोस्त नमस्ते ट्रंप' द्वारा निर्देशित मानदंड पर हस्ताक्षर कर दिए हैं?

खेड़ा ने कहा, ''अगर कोई 'सौदा' है तो यह 'सौदा' गोपनीयता के पर्दे में क्यों छिपा हुआ है? अगर मेक्सिको और कनाडा जैसे देश अमेरिका के पारस्परिक 'टैरिफ' पर एक महीने के विराम पर बातचीत कर सकते हैं, तो भारत क्यों नहीं कर सकता?

## सुविचार

**उड़ने में बुराई नहीं है, आप भी उड़ें..लेकिन उतना ही जहाँ से जमीन साफ़ दिखाई देती हो।**

## ट्वीट

आज यहां गुजरात सफल और गुजरात मैत्री, इन दो योजनाओं का शुभारंभ भी हुआ है। अनेक योजनाओं के पैसे भी महिलाओं के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। मैं इसके लिए भी आप सभी को बधाई देता हूं। आज का दिन महिलाओं को समर्पित है।

-नरेन्द्र मोदी



त्याग एवं बलिदान की साक्षात प्रतिमूर्ति मां पन्ना धाय जी की जन्म जयंती पर उन्हें नमन। मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने पुत्र के प्राण न्योछावर करने वाली मां पन्ना धाय जी की देशभक्ति की यह गाथा सदा अमर रहेगी।

-वसुंधरा राजे



## कहानी

# खुशी के रंग

होली के त्योहार के दिन दोपहर के वक़्त बहती मंद फाल्गुनी बयार में नेहा अपने फ्लैट की बालकनी में बैठी उनकी सोसाइटी के बीच में बने पार्क में लोगों को उमंग, उल्लास और मस्ती के साथ विभिन्न रंगों से होली खेलते हुए देख रही थी। मन-प्रणय मिलन और सुखद प्रेम की अनुभूति के इन्द्रधनुषी रंगों के इस त्योहार से परे नेहा को रंगों की दुनिया से विशेष लगाव नहीं था। गुजरते वक़्त के साथ अपनी बेरंग होती ज़िंदगी में उसे इनकी सार्थकता धीरे-धीरे खत्म होती महसूस होने लगी थी। उसे लगने लगा था कि वक़्त के साथ बढ़ती उम्र में उसकी जिंदगी के कोरे कैनवास पर रंग भरने वाला शायद ऊपर वाले ने बनाया ही नहीं था। अपनी ज़िंदगी की किताब के रंगहीन पन्नों को पलटते हुए वह अतीत की यादों में खो गई।

शिक्षित और सम्पन्न परिवार की तीन बहनों में नेहा सबसे बड़ी थी। तीनों बहनों की उम्र में ज्यादा अंतर नहीं था। नेहा एक मल्टीनेशनल कंपनी में लम्बे समय से मैनेजर के पद पर कार्य कर रही थी। वक़्त के साथ नेहा के माता-पिता ने अपनी बच्चियों के घर बसाने के लिए अच्छे परिवार और योग्य वर की तलाश शुरु कर दी। नेहा का तीनों में बड़ी होने के कारण पहले उसी के लिए योग्य वर की तलाश शुरु की गई। लेकिन बीतते समय के साथ नेहा के लिए ढंग के रिश्ते की बात कहीं बन नहीं पा रही थी। ज्यादातर मामलों में लड़के वालों ने नेहा की छोटी बहनों से विवाह में रुचि दिखाई तो नेहा को सारी बात समझ में आ गई।



भौतिक युग में यथार्थ और मानवीय संवेदना को नहीं समझने वाले बहुत लोग समाज में मौजूद थे। जिनके लिए अपने घर में बहू के रुप में लड़की की सुंदरता का पैमाना उसका गोर वर्ण का होना था। नेहा सांवले रंग की थी। जबकि उसकी दोनों बहनें गोरे रंग की थीं। नेहा के लिए उसका सांवला रंग ही उसकी रंगहीन जिंदगी का सबब बनता जा रहा था। उसके विवाह का कोई ढंग का रिश्ता नहीं होता देख उसकी सहमति से माता-पिता ने छोटी बहनों का रिश्ता तय कर उनका विवाह कर दिया। दोनों बहनें अपने घर में खुश थीं। लेकिन माता-पिता को नेहा का भी जल्दी ही घर बस जाए इस बात की चिंता खाए जाती थी। वे भले ही इस बात का इज़हार नहीं करते थे लेकिन यह सच भी था।

नेहा ऑफिस से आने के बाद अपना ज्यादा समय अपने कमरे में एकांत में बिताती थी। घर में सभी की ज़िंदगी में एक ठहराव सा आ गया था। हंसमुख स्वभाव की नेहा वक़्त के साथ संसार की चमक दमक और भड़कीले रंगों से दूर सादगी से रहने लगी थी। क्योंकि उसे लगने लगा था कि ये उसके लिए थी ही नहीं। वह अक्सर सोचती थी कि क्या गोरे रंग का होना ही किसी लड़की के दूसरे गुण या अवगुण को ढक देता है? लड़की की शैक्षणिक योग्यता या व्यवसायिक योग्यता के कोई मायने नहीं हैं? क्या सांवले रंग रुप वाले इंसान नहीं होते? उनमें भावनाएं और संवेदनाएं नहीं होतीं? इस तरह के सवालों के जवाब बहुत कोशिश के बाद भी उसे नहीं मिल पा रहे थे। एक लंबे अरसे से उसके विवाह को लेकर भी किसी तरह की कोई बात घर में नहीं हुई थी। वैसे भी रिश्ते के लिए आए हर लड़के और परिवार के सामने साक्षात्कार में, परिणाम जानते हुए भी, किसी प्रतियोगी की तरह खुद को पेश कर वह थक चुकी थी।

अचानक अपने पिता की आवाज सुनकर वह वर्तमान में लौटी तो देखा कि उसके पिता उसके कमरे में खड़े थे। उसके पिता ने कहा, आज शाम को मेरे मित्र का लड़का राजन तुम्हे देखने आएगा। राजन विदेश में एक कंपनी में उच्च पद पर काम करता है। वह संस्कारवान भारतीय लड़की से ही विवाह करना चाहता है। इसके लिए वह भारत आया है। अपने बेटे का विवाह जल्द ही करवाकर मेरे मित्र अपनी इस जिम्मेवारी से मुक्त होना चाहते हैं। इस संदर्भ में मेरे मित्र का कल फोन आया था। मैंने उन्हे तुम्हारे बारे में बताया तो उन्होंने अपने शहर से आज ही शाम को हमारे यहां आने का कहा था। उनका लड़का राजन लगभग तुम्हारी उम्र का ही है। एक बार उनसे मिल लेना। क्या पता कोई बात बन जाए। यह कहकर नेहा के पिता वहां से चले गए।

नेहा इसके लिए अब मानसिक रुप से तैयार नहीं थी। लेकिन पिता के कहने से उसने किसी तरह खुद को इसके लिए मनाया। कुछ समय बाद नेहा को याद आया कि राजन नाम का एक लड़का उसके साथ भी कक्षा दस से कक्षा बारह तक पढ़ता था। गोर वर्ण और आकर्षक व्यक्तित्व वाला बहुमुखी प्रतिभा का मेधावी राजन भीड़ में अलग ही नज़र आ जाता था। उसके साथ पढ़ने वाली कई लड़कियां उस समय और उम्र में भी राजन की ओर आकर्षित रहती थीं। राजन भी उनके साथ शालीनता से हंसी मजाक करने में कोई कसर नहीं छोड़ता था।कक्षा के दो पीरियड्स के बीच के खाली समय वह स्कूल कैन्टीन में साथी लड़कियों के साथ अक्सर बैठा रहता था। जिस तरह राजन अपने गोर वर्ण के कारण स्कूल में अलग नज़र आता था उसी तरह नेहा भी अपने श्याम वर्ण के कारण अलग ही नज़र आती थी। पढ़ाई में दोनों कक्षा में पहले या दूसरे स्थान पर रहते थे। राजन हमेशा उसे समझाते हुए कहता था कि इंसान की पहचान उसके गुणों से होती है, इस नश्वर शरीर के रंग से नहीं। उसके कहने से नेहा भी मान जाती थी। राजन से जुड़ी कई बातें उसे याद आने लगी थीं।

उसे देखने के लिए आने वाला व्यक्ति यदि वही राजन है जो उसके साथ पढ़ता था तो इस कल्पना से एक अनजाना भय उसके जेहन में पसरने लगा था। उसे परिणाम की आशंका ने और भयभीत कर दिया। यदि आने वाला राजन कोई दूसरा व्यक्ति निकला तो उससे मुलाकात का परिणाम सोचकर भी उसके चेहरे पर कई तरह के रंग चढ़ने उतरने लगे थे। वह एक अजीब सी मानसिक उलझन में फंस गई थी। उसकी रंगहीन ज़िंदगी में अब जब रंगों की शायद कोई गुंजाइश नहीं बची, वे उसका कौन सा रंग देख पाएंगे यह उसकी समझ नहीं आ रहा था। वक़्त ने बहुत पहले ही जन्म के साथ ही ज़िंदगी के उसके रंगों का शायद वजूद ही मिटा दिया था।

शाम को राजन और उसके माता-पिता नेहा के घर समय पर आ गए थे। नेहा के माता-पिता उनके साथ ड्राइंग रुम में बातचीत करने में मशगूल हो गए। अपने पिता की आवाज सुनकर जब वह वहां गई तो देखा कि गोर वर्ण का वह व्यक्ति राजन ही था जो उसके साथ पढ़ता था। राजन उसे देखते ही जोर से हंसते हुए बोला, नेहा, यू..... व्हाट ए कोइनसिडेंस ..... और अपने माता-पिता से कहा यही है वह लड़की जिसे अपना जीवन साथी बनाकर अपने को मैं भाग्यशाली समझूंगा। नेहा से भी इस रिश्ते के लिए उसकी राय ले ली जाए।

नेहा के चेहरे पर अरसे बर्फ खुशी देखकर उसके माता-पिता की आंखों से खुशी के आंसू झरने लगे। नेहा ने भी इस रिश्ते के लिए हां कह दी। कुछ दिनों के बाद की तारीख पर उनका विवाह तय हो गया था। अपने शहर जाते समय राजन नेहा को अपने साथ ही विदेश ले जाने के कारण उसे आवश्यक तैयारी करने के लिए भी कह गया।

राजन को अपनी ज़िंदगी में पाकर नेहा ने अतीत की अपनी भावनाओं और विचारों को त्याग दिया। खुशी और रंगों के त्योहार होली पर राजन उसकी रंगहीन जिंदगी के कोरे कैनवास को इंद्रधनुषी रंगों से हमेशा के लिए भरने के लिए आ गया था। नेहा चेहरे की चमक और खुशी उसकी नई जिंदगी में रंगों के प्रवेश को साफ बयाँ कर रही थी। होली के त्योहार पर वातावरण में महुए की गंध की मादकता, पलाश और आम की मंजरियों की महक की तरह उसकी जिंदगी भी खुशियों से महक गई थी।

सुधीर केवलिया
फोन नं. : 09413279217



## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# छत्रछाया

प्रातः भ्रमण के बाद पार्क में कुछ देर व्यायाम करने के लिए बैठा। व्यायाम के एक चरण में दृष्टि आकाश की ओर उठाई। जिन पेड़ों के तनों के पास बैठकर व्यायाम करता हूँ, उनकी ऊँचाई देखकर आँखें फटी की फटी रह गईं। लगभग 70 से 80 फीट ऊँचे, विशाल पेड़ एवम उनकी घनी छाया। हल्की-सी ठंड और शांत वातावरण, विचार के लिए पोषक बने। सोचा, माता-पिता भी पेड़ की तरह ही होते हैं न! हम उन्हें उतना ही देख-समझ पाते हैं जितना पेड़ के तने को। तना प्राय: हमें ठूँठ-सा ही लगता है। अनुभूत होती इस छाया को समझने के लिए आँखें फैलाकर ऊँचे, बहुत ऊँचे देखना होता है। हमें छत्रछाया देने के लिए निरंतर सूरज की ओर बढ़ते और धूप को ललकारते पत्तों का अखण्ड संघर्ष समझना होता है। दुर्भाग्य यह कि अधिकांश मामलों में छाया समाप्त हो जाने पर ही समझ आता है, माँ-बाप का साया सिर पर होने का महत्व ! ...

अँग्रेज़ी की एक लघुकथा इसी सार्वकालिक सार्वभौम दर्शन का शब्दांकन है। छह वर्ष का लड़का सामान्यत: कहता है, 'माई फादर इज़ ग्रेट।' बारह वर्ष की आयु में आते-आते उसे अपने पिता के स्वभाव में ख़ामियाँ दिखने लगती हैं। उसे लगता है कि उसके पिता का व्यवहार विचित्र है। कभी बेटे की आवश्यकताएँ पूरी करता है, कभी नहीं। किशोर अवस्था में उसे अपने पिता में एक गुस्सैल पुरुष दिखाई देने लगता है। युवा होने पर सोचता है कि मैं अपने बच्चों को दुनिया से अलग, कुछ हटकर-सी परवरिश दूँगा।...फिर उसकी शादी होती है। जीवन को देखने की दृष्टि बदलने लगती है। वह पिता बनता है। पिता होने के बाद अपने पिता का दृष्टिकोण उसे समझ आने लगता है। दस-बारह साल के बच्चे की हर मांग पूरी करते हुए भी कुछ छूट ही जाती हैं। यह विचार भी होता है कि यदि जो मांगा, उपलब्ध करा दिया गया तो बच्चा ज़िद्दी और खर्चीले स्वभाव का हो जायेगा। बढ़ते खर्च के साथ वह विचार करने लगता है कि उसके पिता सीमित कमाई में सारे भाई-बहनों की पढ़ाई का खर्च कैसे उठाते थे! उधर उसका बेटा/ बेटी भी उसे लगभग उसी तरह देखते-समझते हैं, जैसे उसने अपने पिता को देखा था। आगे चलकर युवा बेटे से अनेक बार अवांछित टकराव होता है। फिर बेटे की शादी हो जाती है। ...चक्र पूरा होते-होते बचपन का वाक्य, काल के परिवर्तन के साथ,जिह्वा पर लौटता है, वह बुदबुदा उठता है, 'माई फादर वॉज़ ग्रेट।'

अनुभव हुआ, हम इतने बौने हैं कि पेड़ हों या माता-पिता, लंबे समय तक गरदन उठाकर उनकी ऊँचाई निहार भी नहीं सकते, गरदन दुखने लगती है। गरदन दुखना अर्थात अनुभव ग्रहण करना। यह ऊँचाई इतने अधिक अनुभव की मांग करती है कि 'इज़' के 'वॉज़' होने पर ही दिखाई देती है।

...ईश्वर सबके सिर पर यह ऊँचाई और छत्रछाया लम्बे समय तक बनाये रखें।

## बोध कथा

# भूतिया कुआं

शवपुर गांव में अधिकतर लोग खेती करने वाले ही थे। पूरे गांव में सिर्फ दो ही कुएं थे, जिनसे लोगों को पानी मिलता था। कुछ समय बाद गांव का एक कुआं पूरी तरह सूख गया। अब पूरे गांव के लोग पानी की जरूरत के लिए एक ही कुएं पर निर्भर थे। दूसरे कुएं से पानी भरते-भरते लोगों को लगा कि कुएं में कोई भूत रहता है। जब गांव के किसान कुएं से पानी भरते थे, तो उन्हें अजीब सी आवाजें सुनाई देती थीं। खेती करने वाले पुरुषों की पत्नियां तो डर के मारे कुएं के आसपास भी नहीं आती थीं। धीरे-धीरे पूरे गांव में बात फैल गई कि कुआं भूतिया है। अब रात के समय कोई भी कुएं के पास नहीं जाता था।

इसी बीच गांव का एक बच्चा कहीं खो गया। काफी ढूंढने के बाद भी बच्चा जब नहीं मिला, तो कुछ लोग कुएं के पास बच्चे को देखने के लिए गए। वहां पहुंचे लोगों ने बच्चे को कुएं के अंदर मरा हुआ पाया। अब एक तो कुएं का पानी खराब हो गया और दूसरा बच्चा कैसे मरा इसको लेकर गांव के सभी किसान परेशान हो गए थे।

सबने एक दिन मिलकर नया कुआं खोदने की सोची। कुछ ही दिनों में कुआं सबने खोद लिया और उसमें पानी भी आने लगा। अब पूरे गांव के लोग नए कुएं से ही पानी भरते थे और भूतिया कुएं की तरफ जाना सबने बंद कर दिया था। बड़े लोग तो समझदार थे, इसलिए कुएं के आसपास नहीं जाते थे, लेकिन बच्चे वहां अक्सर खेलने के लिए पहुंच जाते थे।

एक दिन चार-पांच बच्चे भूतिया कुएं के पास खेल रहे थे, तभी एक बच्चा कुएं में गिर गया। उसके चीखने की आवाज सुनकर पूरे गांव वाले दौड़ते हुए भूतिया कुएं के पास पहुंचे। उन्होंने कुएं के अंदर देखा तो बच्चा मरा हुआ दिखा। सबने उस बच्चे के साथ खेल रहे दूसरे बच्चों से पूछा, आखिर क्या हुआ था? बच्चों ने कहा, वो खेलते-खेलते पानी को देखने गया और अचानक कुएं में गिर पड़ा।

इस हादसे के बाद गांव वालों ने तुरंत एक तांत्रिक को जाकर कुएं के पास बुलाया। वहां पहुंचकर तांत्रिक ने बहुत सारे मंत्र पढ़े, जिसे सुनकर भूत सबके सामने आ गया। तांत्रिक ने अपनी विद्या का इस्तेमाल करके उस कुएं को छोड़कर जाने के लिए कहा। भूत ने तांत्रिक की बात को मानने से इनकार कर दिया।

तांत्रिक ने पूछा, तुम क्यों नहीं जाओगे? यहां आकर बच्चे मर रहे हैं, इसलिए तुम्हें जाना ही होगा।

भूत ने जवाब दिया, इस कुएं में सालों से मेरा पूरा खानदान रहता आ रहा है। मैं यहां से बिल्कुल नहीं जाऊंगा। इतना कहकर भूत कुएं के अंदर चला गया। अब तांत्रिक ने गांव के लोगों से कहा, इस कुएं के मुंह को ढक दो। ऐसा करने से किसी तरह के हादसे नहीं होंगे। ये सुनते ही गांव के मुखिया ने तुरंत काम शुरू करवा दिया। दूसरे दिन कुएं के मुंह पर जाली डालकर पूरी तरह से रेत और सीमेंट से पक्का ढक्कन बना दिया गया और उसे ढक दिया गया। अब सारे गांव वाले खुशी-खुशी रहने लगे। उस दिन के बाद से गांव में ऐसी किसी तरह की घटना नहीं हुई और भूतिया कुएं के डर से लोग मुक्त हो गए।

कहानी से सीख :

किसी भी परेशानी में हार नहीं माननी चाहिए। किसी-न-किसी तरीके से उस परेशानी से बाहर निकला जा सकता है।




## अध्यात्म

# सबको अपने में समाहित कर लेना ही धर्म है

आपके कर्मों से ज्यादा-से-ज्यादा लोगों का भला हो और फिर उसी हिसाब से कर्म करिए। जब बाहरी क्रिया-कलापों की बात आती है, तो उस पल के लिए उचित निर्णय लेना ही धर्म है। कोई यह तय नहीं कर सकता कि क्या सही है और क्या गलत। धर्म की व्याख्या प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने ढंग से करता है। इसलिए इसके रूप को लेकर मतभेद रहते हैं। लेकिन शाश्वत धर्म किसी भी परिभाषा से ऊपर है। यह व्यक्ति को व्यक्ति से जोड़ता है। अपने 'मैं' और तुम्हारे 'तुम' से मुक्त होकर सबको अपने में समाहित कर लेना ही वास्तविक धर्म है।

धर्म क्या है? कृष्ण के जीवन में बहुत लोगों ने उनसे यह प्रश्न पूछा था। जब द्रौपदी का विवाह होने वाला था, तो उन्होंने हर संभव कोशिश की कि द्रौपदी का विवाह पांच पांडवों से हो। उस वक्त द्रौपदी ने उनसे पूछा, 'आपको पता है धर्म क्या है?' एक बार कृष्ण ने भीम से कहा था, 'हस्तिनापुर दुर्योधन के लिए छोड़ दो। चलो हम नया नगर बसाएंगे।' इस पर भीम ने जवाब दिया, 'आप देशद्रोही हैं। मैं दुर्योधन को मार डालना चाहता हूं और आप मुझसे यह कह रहे हैं कि मैं यह राज्य उसके लिए छोड़ कर चला जाऊं । कहीं और जाकर अपना राज्य बसाऊं।' धर्म के बारे में आप क्या जानते हैं? अर्जुन और बहुत से दूसरे लोगों ने भी ऐसे ही सवाल उठाए। लोगों ने कृष्ण से पूछा, 'क्या आपको वास्तव में पता है कि धर्म क्या है?'



कृष्ण ने हर किसी को धर्म के बारे में विस्तार से समझाया। मैं उनके एक-एक उत्तर की बात तो नहीं करूंगा, लेकिन उन्होंने सामान्य तौर पर यह कहा कि, अभी इस पल के कर्म के मामले में धर्म क्या है, यह मैं भी नहीं जानता, क्योंकि कर्म परिस्थितियों पर आधारित होते हैं। हालांकि हम इसके बारे में सही-गलत का फैसला करते हैं, लेकिन बाहर से देखने पर हम थोड़े-बहुत गलत भी हो सकते हैं। लेकिन जब बात अपने स्वधर्म (जीवन में खुद का कर्तव्य) की आती है, यानी मैं स्वयं अपने अंदर कैसे रहूं, तो उसके बारे में मैं पूरी तरह स्पष्ट हूं। किसी बुद्धिमान व्यक्ति के दिमाग में भी इस बात को लेकर शत-प्रतिशत स्पष्टता नहीं होती कि उसे किस तरह से कर्म करना चाहिए। वह हमेशा अपने निर्णय को तौलता है। अगर आप बाकी जीवों के नजरिये से देखने की कोशिश करेंगे तो पाएंगे कि हम जो भी करते हैं, हमारा अस्तित्व, हमारा खान-पान, हमारा जीवन, हमारा सांस लेना सब कुछ किसी-न-किसी तरह से उन जीवों के साथ अन्याय ही है।

इस तरह इस दुनिया में कोई भी कर्म न तो सौ फीसदी सही है और न सौ फीसदी गलत। आपको बस यह देखना है कि आपके कर्मों से ज्यादा-से-ज्यादा लोगों का भला हो और फिर उसी हिसाब से कर्म करिए। जब बाहरी क्रिया-कलापों की बात आती है, तो उस पल के लिए उचित निर्णय लेना ही धर्म है। कोई यह तय नहीं कर सकता कि क्या सही है और क्या गलत। जब कर्म करने की बात आती है तो सौ फीसदी स्पष्टता सिर्फ एक मूर्ख या एक कट्टर इनसान के दिमाग में ही होती है। बाकी सभी लोग हमेशा अपने निर्णय को तौलते हैं, कि क्या सही है और क्या गलत। कोई दूसरा तरीका ही नहीं है। इस सृष्टि की प्रकृति ही ऐसी है।

अब आप किसी की हत्या की बात कर रहे हैं। जरा सोच कर देखिए, जब आप खाते हैं, तो आप किसी की हत्या कर रहे होते हैं, जब आप सांस लेते हैं तो आप किसी की जान ले रहे होते हैं, जब आप चलते हैं तो भी पैरों तले किसी जीव की जान लेते हैं। अगर आप यह सब नहीं करना चाहते तो आपका अपना जीवन खतरे में पड़ जाएगा और तब आप खुद की जान ले रहे होंगे। तो आप किस धर्म का पालन करेंगे? बात बस इतनी है कि आप भीतर से कैसे हैं।

## वीर गाथा

# नायक प्रेम बहादुर गुरुंग: 'खुखरी' से रोका दुश्मन का वार, 3 पाकिस्तानियों का कर दिया संहार

नायक प्रेम बहादुर गुरुंग का जन्म 22 नवंबर, 1956 को नेपाल के कास्की जिले के सिधानी गांव में हुआ था। कर्ण बहादुर गुरुंग के बेटे प्रेम बहादुर 22 नवंबर, 1976 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। उन्हें गोरखा राइफल्स में शामिल किया गया था।

प्रेम बहादुर सितंबर 1987 में सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में तैनात थे। वहां उनकी कंपनी ने बिलाफोंडला कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रखी थी। 23-24 सितंबर की रात को पाकिस्तानी फौज ने उनकी पोस्ट पर हमला बोला था। इसका भरपूर जवाब दिया गया और दुश्मन को पीछे हटना पड़ा था।

इसके बाद 24-25 सितंबर की रात को पाकिस्तान ने भारी तोपखाने से गोलाबारी करते हुए पोस्ट को निशाना बनाया। उस दौरान कमांडर घायल हो गए, इसलिए प्रेम बहादुर गुरुंग ने सेक्शन कमांडर का जिम्मा संभाला। मुकाबला आगे बढ़ने के साथ ही सेक्शन का गोला-बारूद खत्म होने लगा, लेकिन प्रेम बहादुर इससे विचलित नहीं हुए। वे गोला-बारूद लेने के लिए भीषण हमले के बीच ही दो बार अपने प्लाटून मुख्यालय की ओर गए। उनके सेक्शन ने दुश्मन के हमले को नाकाम कर दिया।

24 सितंबर को देर रात लगभग 3.25 बजे पाकिस्तान ने एक बार फिर हमला बोला। जब पाकिस्तानी फौजी भारतीय पोस्ट से सिर्फ़ 50 गज की दूरी पर थे तो प्रेम बहादुर अपनी खाई से बाहर निकले और उन पर जोरदार धावा बोला। इससे दुश्मन के फौजियों में अफरा-तफरी मच गई थी।

प्रेम बहादुर ने उन पर ग्रेनेड फेंके और गोलियां चलाईं। अचानक ऐसे जवाबी हमले से कई पाकिस्तानी फौजी वहां से भागने लगे। नायक प्रेम बहादुर ने तुरंत अपनी खुखरी निकाली और तीन पाकिस्तानी फौजियों को वहीं मार गिराया।

अचानक दुश्मन की ओर से एक गोली आई, जो प्रेम बहादुर के सीने में लगी और वे वीरगति को प्राप्त हो गए। नायक प्रेम बहादुर गुरुंग ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपना कर्तव्य निभाया। उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## नकली एचपीसीएल तेल मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद/दक्षिण भारत। हैदराबाद पुलिस ने नकली एचपीसीएल तेल मामले में कार्रवाई की है। उसने छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि एचपीसीएल की अधिकृत टीम ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद डीएसपी सुधींद्र के आदेश पर छापेमारी की गई। अफजलगंज पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक नागेश की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। उसने नकली एचपीसीएल एन्क्लो तेल आदि जब्त कर लिया। वहीं, आरोपी जीएच संस पेट्रो प्रोडक्ट्स का वसीम खान (31) है, जिसे गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पुलिस ने एफआईआर नं. 0070/2025 के तहत मामला दर्ज किया है। उक्त शख्स पर कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धारा 63, और 318 (4) के तहत आरोप लगाए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# महिलाओं को बार-बार खुद को साबित करना होगा: माधुरी दीक्षित

जयपुर/भाषा। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित का मानना है कि हिंदी सिनेमा में वेतन समानता अभी भी दिवास्वप्न है, क्योंकि महिलाओं को खुद को बार-बार साबित करना होगा और दर्शकों को सिनेमाघर तक खींचने की अपनी काबिलियत दिखानी पड़ेगी।

'तेजाब', 'हम आपके हैं कौन', 'दिल तो पागल है', 'खलनायक' और 'देवदास' जैसी फिल्मों कर चुकी अभिनेत्री दीक्षित ने शुक्रवार शाम को आईफा 2025 के एक सत्र सिनेमा में महिलाओं का सफर में भाग लिया।

आईफा पुरस्कार का रजत जयंती संस्करण शनिवार और रविवार को होगा।

उनके साथ ऑस्कर विजेता निर्माता गुनीत मोंगा भी शामिल हुईं, जो 2025 के अकादमी पुरस्कार में भाग लेने के बाद अमेरिका से लौटी थीं।

हाल ही में फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आईं दीक्षित ने कहा, महिलाओं को बार-बार खुद को साबित करना होगा और यह कहना होगा कि हम बराबर हैं और हम दर्शकों को आकर्षित कर सकते हैं। आपको हर बार यह साबित करना होगा। और हां, अभी भी असमानता है।'' उन्होंने कहा, यह हर बार सीमा को थोड़ा और आगे बढ़ाने जैसा है, यह छोटे-छोटे कदम भरने जैसा है। हम असमानता को खत्म करने से अभी भी बहुत दूर हैं...हमें इस दिशा में हर दिन काम करना होगा।

मोंगा ने कहा कि लोगों को महिला कलाकारों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''स्पष्ट रूप से वेतन में अंतर है, साफतौर पर यह है...लेकिन मुझे लगता है कि मैं वास्तव में चाहती हूं कि पुरुष अभिनेता इस



सवाल का जवाब दें।'' उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इन सवालों का जवाब देने की जिम्मेदारी महिलाओं पर डालना बहुत अजीब बात है, क्योंकि हम ही वे लोग हैं जो इसका शिकार होते हैं।

सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म के तौर पर स्त्री-2 का उदाहरण देते हुए मोंगा ने कहा कि महिलाओं के लिए अधिक अवसर सृजित किए जाने चाहिए।

दीक्षित ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में जो भी फिल्में कीं, उनमें महिला किरदार बहुत सशक्त थे। अभिनेत्री ने कहा कि मृत्युदंड उन फिल्मों में से एक है, जिसे उन्होंने विशेष तौर पर पसंद किया, क्योंकि इसमें उन्होंने एक सशक्त भूमिका निभाई थी।

दीक्षित ने यह भी कहा कि उनके करियर के शुरुआती दिनों में फिल्म के सेट पर बतौर महिला सिर्फ अभिनेत्री और हेयरड्रेसर हुआ करती थीं। उन्होंने कहा कि तब गिनी-चुनी महिला निर्देशक होती थीं और वह उस समय केवल सई परांजपे को ही जानती थीं। उन्होंने कहा, अब जब मैं (अमेरिका से) वापस आई और सेट पर गई तो हर विभाग में महिलाएं थीं – ए.डी., डी.ओ.पी., लेखक और पहले से कहीं अधिक निर्देशक। महिलाएं हर जगह हैं, जो मुझे लगता है कि बहुत खुशी की बात है और यह एक बड़ा बदलाव है।



भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सुरक्षा में एक महिला सुरक्षा दल तैनात।

## तालिबान ने अफगान महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा पर जोर दिया

काबुल/एपी

तालिबान ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक संदेश जारी कर कहा है कि अफगानिस्तान में महिलाएं सुरक्षा के साथ रह रहीं हैं और उनके अधिकार सुरक्षित हैं, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने यहां महिलाओं के लिये रोजगार एवं शिक्षा पर लगाये गये प्रतिबंधों की निंदा की है।

अफगानिस्तान पर 2021 में तालिबान के कब्ज़े के बाद से, उन्होंने महिलाओं और लड़कियों के छठी कक्षा से आगे की पढाई करने, नौकरी करने और सार्वजनिक स्थानों पर जाने पर रोक लगा दी थी। पिछले अगस्त में, गुण एवं दोष मंत्रालय ने ऐसे कानून बनाये, जो घर के बाहर महिलाओं की आवाज और उनके खुले चेहरे पर प्रतिबंध लगाता है।

तालिबान के मुख्य प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर एक बयान जारी किया, जिसमें विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उल्लेख नहीं किया गया, जो आठ मार्च को मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की गरिमा, सम्मान और कानूनी अधिकार इस्लामिक अमीरात के लिए प्राथमिकता हैं, तालिबान द्वारा अपनी सरकार का वर्णन करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द। उन्होंने कहा कि अफगान महिलाएं शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से सुरक्षित हैं।

मुजाहिद ने कहा, ''इस्लामिक कानून एवं अफगान समाज की संस्कृति और परंपराओं के अनुसार, अफगान महिलाओं के मौलिक अधिकारों को सुरक्षित रखा गया है। हालांकि, यह नहीं भूलना चाहिए कि अफगान महिलाओं के अधिकारों पर इस्लामी और अफगान समाज के भीतर चर्चा की जा रही है, जो पश्चिमी समाजों और उनकी संस्कृति से स्पष्ट रूप से भिन्न है।'' इसके साथ ही शनिवार को, संयुक्त राष्ट्र ने तालिबान से प्रतिबंध हटाने के लिए अपने आह्वान को दोहराया।

अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन की प्रमुख रोजा ओटुनबायेवा ने कहा, ''सार्वजनिक जीवन से महिलाओं और लड़कियों को हटाने की बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''हम उनके लचीलापन और नेतृत्व क्षमता में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि वे अफगानिस्तान के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।''

# महिला दिवस पर सुगमता की पैरोकार अंजलि अग्रवाल ने प्रधानमंत्री का 'एक्स' हैंडल संभला, समावेशन पर जोर

नई दिल्ली/भाषा। 'सामर्थ्यम सेंटर फॉर यूनिवर्सल एक्सेसिबिलिटी' नामक एक नागरिक संस्था की संस्थापक अंजलि अग्रवाल ने महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोशल मीडिया हैंडल को संभाला और सुगम भारत पहल के तहत अधिक सुलभ एवं समावेशी भारत की दिशा में मजबूत प्रयास का आह्वान किया।

सार्वभौमिक सुगमता और समावेशी गतिशीलता की बहुत बड़ी पैरोकार अग्रवाल ने यह सुनिश्चित करने के लिए बाधाओं को दूर करने और राष्ट्र की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया कि हर व्यक्ति विशेषकर महिलाएं एवं विकलांग व्यक्ति, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीवन जी सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'अकाउंट' से पोस्ट किया, ''आइए हम यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक महिला, प्रत्येक व्यक्ति सम्मान और स्वतंत्रता के साथ अपना जीवन जी सके। आइए हम हाल में प्राप्त उपलब्धियों को आगे बढ़ाएं और दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन में सुधार लाएं।''इस क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक समय से काम करने वालीं अग्रवाल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार सुगमता और गतिशीलता को शासन में उत्तरोत्तर जगह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत में विद्यालयों को सुलभ बनाने में उनके प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं, क्योंकि उनका मानना है कि अपर्याप्त बुनियादी ढांचे के कारण किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने भारत में कई स्थलों पर सुगमता ऑडिट किया है, जिसमें तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के तहत तीर्थ स्थल भी शामिल हैं और वह देश भर में तीर्थ स्थलों और सार्वजनिक परिवहन केंद्रों के विकास पर केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि विकलांग व्यक्तियों के लिए 'वाश' (जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य) सुविधाएं प्रदान करने और गतिशीलता सहायता उपयोगकर्ताओं पर मानवशास्त्रीय अध्ययन पर जो उन्होंने ध्यान दिया है वह नीतियों को आकार देने में सहायक रहा है। उन्होंने विकलांग व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने में स्वच्छ भारत के प्रभाव को भी स्वीकार किया। अग्रवाल के अलावा उद्यमी अजयता शाह, किसान-उद्यमी अनीता देवी, शतरंज ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू, परमाणु वैज्ञानिक एलिना मिश्रा और अंतरिक्ष वैज्ञानिक शिल्पी सोनी ने प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया मंचों को संभाला।

प्रधानमंत्री मोदी ने महिला दिवस पर अपने संदेश में महिला सशक्तीकरण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है।



## अस्सी के दशक के सिकंदराबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित दमदार कहानी है 'द पैराडाइज' : श्रीकांत ओडेला

मुंबई/एजेन्सी

दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक श्रीकांत ओडेला का कहना है कि उनकी फिल्म 'द पैराडाइज' अस्सी के दशक के सिकंदराबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दमदार कहानी है, जो समाज में फैले भेदभाव को गहराई से उजागर करती है। श्रीकांत ओडेला की अगली फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर जबरदस्त एक्साइटमेंट है। हाल ही में मेकर्स ने नेचुरल स्टार नानी का पहला लुक रिलीज़ किया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। इसी बीच श्रीकांत ओडेला ने फिल्म से जुड़ी कुछ खास बातें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि 'द पैराडाइज' अस्सी के दशक के सिकंदराबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दमदार कहानी है, जो समाज में फैले भेदभाव को गहराई से उजागर करती है। श्रीकांत ने कहा कि 'द पैराडाइज' सरकारी सिस्टम, शोषण और अत्याचार की कड़वी सच्चाई को बिना किसी लाग-लपेट के सामने लाएगी,कुछ ऐसा,जो भारतीय सिनेमा में कम ही देखने को मिलता है।

इस बार हम समाज की सच्चाइयों को धुंधला करने या छिपाने वाले नहीं हैं। एक फिल्ममेकर के तौर पर मेरी कोशिश है कि इसे सबसे असली रूप में दिखाऊं। 'द पैराडाइज' उन फिल्मों में से होगी जो बिना किसी झिझक अपनी बात रखेगी। यह पूरी तरह ओरिजिनल, सच्चाई से भरी हुई और दमदार होगी, जिसमें इतनी ताकत होगी कि दुनिया भर के दर्शकों तक अपनी बात पहुंचा सके।

श्रीकांत ओडेला ने कहा, यदि मेरी एक हजार कोशिशों से दुनिया के किसी कोने में बैठा एक भी इंसान मेरी फिल्म देखे, तो मैं वो सारी कोशिशें करने को तैयार हूं, क्योंकि मेरी 'द पैराडाइज' एक ग्लोबल ऑडियंस के लायक है। फिल्म 'द पैराडाइज' आठ भाषाओं हिंदी, तेलुगु, तमिल, अंग्रेजी, स्पेनिश, बंगाली, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज़ होने वाली है। कन्नड़, मलयालम और बंगाली वर्जन की पहली झलक भी जल्द रिलीज़ होगी। यह फिल्म 26 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



इंटरनेट पर्सनालिटी उर्फी जावेद शनिवार को मुंबई के हवाई अड्डे पर पहुँची।

## 'जटाधारा' से सोनाक्षी सिन्हा का फर्स्ट लुक आउट

मुंबई/एजेन्सी

महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को 'जटाधारा' के निर्माताओं ने अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। तेलुगू डेब्यू फिल्म से उनका कमाल का लुक सामने आया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का कोलाब पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में अभिनेत्री एक आकर्षक और गंभीर अंदाज में नजर आ रही हैं। पोस्टर में अभिनेत्री का मेकअप काफी बोल्ड है। आंखों में काजल, लाल बिंदी और माथे पर लगा तिलक इंटेंस लुक दे रहा है। सोनाक्षी का पूरा चेहरा नहीं दिख रहा है।

कोलाब पोस्ट में निर्माताओं ने कैप्शन दिया, इस महिला दिवस पर 'जटाधारा' में शक्ति और उसकी किरण जगमगा रही है! 'जटाधारा' में सुधीर बाबू भी हैं। फिल्म में सोनाक्षी को एक सशक्त और अलग तरह की भूमिका के लिए चुना गया है। अपकमिंग फिल्म 'जटाधारा' के बारे में बता दें, फिल्म का मुहूर्त पूजन हाल ही में हैदराबाद के एक मंदिर में किया गया। धूमधाम से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथियों के तौर पर निर्देशक हरीश शंकर, 'पुष्पा 2: द रूल' के निर्माता रवि शंकर समेत फिल्म जगत के अन्य सितारे शामिल हुए।

मुहूर्त पूजन में निर्देशक वेंकी अटलूरी, निर्देशक मोहना इंद्रगांती, शिल्पा शिरोधाकर समेत अन्य ने शिरकत की। मुहूर्त समारोह में जी स्टूडियो के प्रस्तुतकर्ता उमेश के.आर. बंसल और प्रेरणा वी. अरोड़ा भी शामिल हुईं। 'जटाधारा' एक्शन और सस्पेंस से भरपूर मनोरंजक फिल्म है, जिसमें अभिनेता




सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में हैं। 'जटाधारा' को निर्माताओं ने मनोरंजक मोड़ दिया है। फिल्म को लेकर सुधीर बाबू ने कहा, मैं इस नई यात्रा के लिए रोमांचित हूं। 'जटाधारा' का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। मैं इस किरदार को निभाने के लिए उत्साहित हूं। स्क्रिप्ट में हमारी समृद्ध पौराणिक मान्यताओं को वैज्ञानिक तथ्यों के साथ सहजता से जोड़ा गया है, जो दर्शकों के लिए एक बेहतरीन और नया अनुभव लेकर आएगा और मेरा मानना है कि यह दर्शकों पर एक खास प्रभाव छोड़ेगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी सिन्हा के पास 'जटाधारा' के अलावा 'तू है मेरी किरण' भी है, जिसमें वह पति-अभिनेता जहीर इकबाल के साथ नजर आएंगी। सोनाक्षी सिन्हा 'निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस' में भी दिखेंगी।

## अमिताभ बच्चन ने फिल्म 'बी हैप्पी' के लिए अभिषेक की तारीफ की

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने बेटे अभिषेक बच्चन की आने वाली फिल्म बी हैप्पी के लिये तारीफ की। प्राइम वीडियो की ओरिजिनल फिल्म बी हैप्पी का ट्रेलर हाल ही में रिलीज़ हुआ है, जिसने दर्शकों के दिल को छू लिया है। इस फिल्म की कहानी शिव (अभिषेक बच्चन) की है, जो एक सिंगल फादर है और अपनी बेटी धारा (इनायत वर्मा) के साथ ज़िंदगी के उतार-चढ़ाव से जूझ रहा है। अब इस फिल्म की तारीफ करने वालो में अमिताभ बच्चन का नाम भी जुड़ गया है। उन्होंने अभिषेक की परफॉर्मेंस पर गर्व जताते हुए अपनी खुशी जाहिर की है। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया लिखा, अभिषेक, एक पिता का गर्व, कितनी आसानी से एक किरदार से दूसरे किरदार में बदल जाते हो। बधाई हो बधाई, स्नेह ।एक दूसरी पोस्ट में, अमिताभ




बच्चन ने फिल्म की कहानी और अभिषेक की परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए लिखा, बेहद खूबसूरत कहानी और अभिषेक, तुमने जिस तरह एक फिल्म से दूसरी फिल्म तक अपने किरदार को परिभाषित किया है, वो कमाल है। ढेर सारा आशीर्वाद और प्यार।

बी हैप्पी को रेमो डिसूजा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले लिजेल रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है और इसे रेमो डिसूजा ने निर्देशित किया है। यह दिल छू लेने वाली डांस ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिषेक बच्चन के साथ नोरा फतेही, नासर, जॉनी लीवर और हरलीन सेठी जैसे दमदार कलाकार नज़र आएंगे। बी हैप्पी भारत समेत 240 से ज्यादा देशों और टेरिटरीज में 14 मार्च को प्राइम वीडियो पर एक्सक्लूसिव रिलीज़ होने जा रही है। फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी डब होकर रिलीज होगी।

# संदीपा धर ने महिला दिवस पर दिया दमदार संदेश



मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री संदीपा धर ने महिला दिवस के अवसर पर दमदार संदेश दिया है। इस महिला दिवस पर,संदीपा धर ने सोशल मीडिया पर एक जोरदार और सोचने पर मजबूर करने वाला संदेश साझा किया, जो कई लोगों को गहराई से प्रभावित करेगा। अपने पोस्ट में, उन्होंने उन गहरी जड़ों वाली लैंगिक धारणाओं पर सवाल उठाया, जो अब भी महिलाओं की महत्वाकांक्षा और नेतृत्व को सीमित नजरिए से देखती हैं।

संदीपा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, आपकी महत्वाकांक्षा 'बहुत ज्यादा' नहीं ,बल्कि समाज की कल्पना बहुत छोटी है।पिछले हफ्ते, एक पत्रकार ने मुझसे पूछा कि मैं 'काम और निजी जिंदगी के बीच संतुलन' कैसे बनाती हूं। मैंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'क्या आप यह सवाल पुरुष अभिनेताओं से भी पूछते हैं?' उसकी असहज चुप्पी और 'नहीं' में दिया गया जवाब अपने आप में सब कुछ कह गया। मुझे यह बेहद अजीब लगता है कि पुरुषों को ,जिन्हें रिसर्च के अनुसार मल्टीटास्किंग में कमज़ोर माना जाता है।कभी यह साबित नहीं करना पड़ता कि वे अपनी जिंदगी के अलग-अलग पहलुओं को कैसे संभालते हैं। दूसरी ओर, महिलाओं से हमेशा यह उम्मीद की जाती है कि वे अपने सपनों और ज़िंदगी का हिसाब दें। यही कारण है कि जब मैंने 'मलिका' का किरदार निभाया, तो उसकी यात्रा मेरे दिल के बहुत करीब रही।

संदीपा धर ने कहा,महिला दिवस के इस मौके पर, मैं हर उस औरत का जश्न मना रही हूं जिसे 'ज़िद्दी' कहा गया क्योंकि उसने अपने लिए स्टैंड लिया, 'बॉसी' कहा गया क्योंकि उसने नेतृत्व किया, और 'ड्रामेटिक' कहा गया क्योंकि उसने अपनी ज़रूरतें खुलकर रखीं। मलिका ने मुझे सिखाया कि हमारी जटिलता हमारी कमजोरी नहीं, बल्कि हमारी ताकत है। जब हम सम्मान मांगते हैं, तो हम 'बहुत ज्यादा भावुक' नहीं होते, और जब हम अपने सपनों को जीते हैं, तो हम 'बहुत महत्वाकांक्षी' नहीं होते।

इसलिए, अपनी पहचान को गर्व से अपनाइए। जो दुनिया आज आपके सपनों का मज़ाक उड़ा रही है, वही कल आपको धन्यवाद देगी क्योंकि आपने उसकी सीमाओं को तोड़ा।और उन लोगों के लिए जो पूछते हैं 'लेकिन पुरुषों का क्या?' जब महिलाएं अपनी बात रखती हैं। नारीवाद किसी को छोटा करने के लिए नहीं है।

यह उन परंपराओं को तोड़ने के लिए है, जो पुरुषों को अपनी भावनाएं छुपाने के लिए मजबूर करती हैं और महिलाओं को ताकत दिखाने पर सज़ा देती हैं। नारीवाद पुरुषों को भी पितृसत्ता से मुक्त करता है, जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज भी आगे बढ़ता है।जिस महिला की महत्वाकांक्षा आपको प्रेरित करती है, उसे टैग करें। आइए, एक-दूसरे को आगे बढ़ने में मदद करें!

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

आपसी सद्भावना के कम होने से मानवता कलंकित होती है, जीवन को सुकून और शांति नहीं मिलती, दुर्भावना के कारण मन में द्वेषभाव उत्पन्न होता है, ये सब जीवन की उन्नति के लिए बाधक तत्व हैं, इसीलिए सर्वप्रथम आपसी सद्भावना का विकास होना चाहिए। धर्म-आध्यात्म की बातों का क्रम उसके बाद आता है। साधु-संतों और प्रबुद्धजनों को, लोगों में आपसी सद्भावना बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य करना चाहिए। जो लोगों को बांटने का काम करते हैं, वे धर्म और मानवता को कलंकित करते हैं। आने वाला समय इस दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। दुर्भावना से भरे मन को शांति कभी नहीं मिलती।




# हमें अपनी आत्मा के लिए भी जीना चाहिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां के गांधी पार्क स्थित तेरापंथ भवन में तेरापंथ महिला मंडल कोयंबटूर द्वारा दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम चरण 'जिज्ञासा समाधान' का रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय महिला मंडल की मुख्य न्यासी पुष्पा बैगानी द्वारा नमस्कार महामंत्र से किया गया, फिर स्थानीय महिला मंडल की सदस्यों ने मंगलाचरण किया। स्थानीय तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष मंजू सेठिया ने आगंतुक महानुभावों का वह मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। तमिलनाडु सह-प्रभारी अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की कार्यकारिणी सदस्य अनीता बरडिया द्वारा साध्वी प्रमुखा विश्रुत विभाजी के संदेश का वाचन किया गया। खुले सत्र में पुष्पा बैंगानी ने बहुत ही सुन्दर और सरल ढंग से सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। दूसरे चरण में मंडल की ओर से अध्यक्ष मंजू सेठिया ने 'भावना चौका' के लिए राशि का अनुदान दिया। रुचिका बैद ने कविता की सुंदर प्रस्तुति दी ।

कन्या मंडल की सदस्यों ने 'लक्ष्य' नामक नाटक की सुंदर प्रस्तुति दी। प्रधान न्यासी श्रीमती पुष्पा जी बैंगानी ने कला अभ्युदय योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा की यह शासन माता को समर्पित है साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया की हमें अपनी आत्मा के लिए भी जीना चाहिए। हमारा लक्ष्य बड़ा होना चाहिए। हमें संघ के प्रति समर्पित रहना चाहिए संघ में संस्था में हमें सेवा देनी चाहिए। इसके साथ-साथ परिवार को स्वस्थ रखें, सेवा दें और संस्कारित करें। अनीता बरड़िया ने कहा कि लक्ष्य हमारे जीवन की आधारशिला है लक्ष्य का निर्धारण होना बहुत जरूरी है लक्ष्य हमें धैर्य परिश्रम दृढ़ हौसला सिखाता है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य हासिल करना है तो तीन बिंदु पर विचार करें तो जीवन सफल हो सकता है माइंडफुल, मैनेजमेंट और मोटिवेटेड को आधार बताया। धन्यवाद ज्ञापन मंत्री सुमन सुराणा ने किया।




# वैष्णव महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में तीन हजार से अधिक स्नातकों को मिली उपाधि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां द्वारका दास गोवर्धन दास वैष्णव कॉलेज ने 8 मार्च को अपने परिसर के द्वारका ऑडिटोरियम में अपना 57वां स्नातक दिवस मनाया। समारोह में हैदराबाद के उस्मानिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुमार मोलुगरम मुख्य अतिथि थे, उन्होंने स्नातकों को डिग्री प्रदान की।

वैष्णव कॉलेज के सचिव अशोक कुमार मूँधड़ा ने स्नातक दिवस समारोह की आधिकारिक घोषणा की। प्राचार्य कैप्टन डॉ. एस. संतोष बाबू ने स्वागत भाषण दिया और कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रभा राजगोपालन और कोषाध्यक्ष अशोक केड़िया भी मौजूद थे।

मुख्यअतिथि प्रो. कुमार मोलुगरम ने अपने उद्बोधन में सभी स्नातकों को बधाई दी और कहा कि आज जो कुछ भी आपको मिला है यह आपकी मेहनत का ही प्रतिफल है। उन्होंने उनके भविष्य को आकार देने के लिए संस्थान की प्रशंसा की और उनकी उपलब्धियों पर उन्हें बधाई दी । उन्होंने आजीवन सीखने, कौशल-आधारित बहु-विषयक शिक्षा, आलोचनात्मक सोच और तकनीकी प्रगति के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से अपने माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों को महत्व देने, नागरिक जिम्मेदारी निभाने और समाज में सकारात्मक योगदान देने का आग्रह किया।

इस वर्ष, विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों से 3029 छात्र स्नातक हुए, जिनमें 15 एम.फिल. विद्वान, 563 स्नातकोत्तर छात्र और 2,466 स्नातक छात्र रहे। उनमें से, 132 छात्रों ने कॉलेज की स्वायत्त परीक्षाओं में पीजी और यूजी दोनों कार्यक्रमों में रैंक हासिल करते हुए उल्लेखनीय शैक्षणिक विशिष्टता हासिल की।

# चन्द्रप्रभु जैन कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां शनिवार को नारीत्व के सम्मान के लिए चंद्रप्रभु जैन कॉलेज ने 8 मार्च को भगवान महावीर ऑडिटोरियम में महिला दिवस मनाया गया। डब्ल्यूसीसी समन्वयक, रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. जी. पी. भवानी ने मुख्य अतिथि, गणमान्य व्यक्तियों और उपस्थित लोगों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. एन. सुजाता ने उद्घाटन भाषण दिया और मुख्य अतिथि का परिचय कराया। सचिव ललित कुमार ओ. जैन ने विशेष संबोधन दिया। अपने महिला दिवस भाषण में उन्होंने कहा कि शिक्षित महिलाओं को अब सम्मान और गरिमा के साथ देखा जाता है। वे लाखों युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं जो उन्हें अपना आदर्श बनाती हैं।

गणमान्य लोगों ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। अध्यक्ष नेमीचंद कटारिया ने मुख्य अतिथि को शॉल से सम्मानित किया। डॉ. एन. सुजाता ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर सम्मानित किया। संयुक्त सचिव सुरेश राठौड़ ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं की छात्राओं ने हिस्सा लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंत में ट्रेंडी ट्रेंडी इवेंट के माध्यम से मिस एससीपी का चयन किया गया। रसायन विज्ञान की की छात्रा सुश्री स्नेहा को मिस एससीपी 2025 के रूप में चुना गया। मुख्य अतिथि सुश्री सहाना चंदीराबाल (अभिनेत्री/नर्तकी/फैशन मॉडल) डांस जोड़ी डांस-ज़ी तमिल फाइनलिस्ट ने छात्राओं को संबोधित किया। अपने महिला दिवस भाषण में उन्होंने कहा कि सभी लड़कियां सबसे खूबसूरत रचना हैं। उन्होंने सभी लड़कियों से सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने सभी लड़कियों को किसी भी परिस्थिति से डरने के बजाय संघर्षों का सामना करने के लिए पर्याप्त साहस रखने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान, महिला परामर्श समिति द्वारा शैक्षणिक वर्ष के दौरान आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी पुरस्कार विजेताओं को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। गणित की एपी ए. एझिलारसी ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

## स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



अखिल भारतीय नानक प्राज्ञ राष्ट्रीय युवा संघ के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन मनोज जैन के नवनिर्वाचित होने के बाद प्रथम बार हैदराबाद पहुंचने पर युवा संघ के राष्ट्रीय युवा महामंत्री अजय कोठारी द्वारा स्वागत किया गया। साथ में कमल सेठी महिला संघ से मोनिका कोठारी, प्रियंका जैन ने स्वागत किया।

# अग्रवाल रिलीफ एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के स्वर्ण जयंती समारोह का हुआ समापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




चेन्नई। अग्रवाल रिलीफ एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के विश्वास विकास और सफलता के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गत एक वर्ष से स्वर्ण जयंती समारोह मनाया जा रहा था जिसका समापन समारोह 7 मार्च को एगमोर के सरकारी संग्रहालय में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस समापन समारोह में 'द न्यूज इंडियन एक्सप्रेस के सीएमडी मनोज सौंथलिया ने मुख्य अतिथि पद को गौरवान्वित किया समारोह की शुरुआत ईश वंदना तथा दीप प्रज्वलन से की गई।

अग्रवाल रिलीफ एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष हरीश कुमार सांघी ने अपने भाषण द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरीश कुमार सांघी, उपाध्यक्ष बी.पी. झुनझुनवाला एवं प्रबंध न्यासी मुरारीलाल सौंथलिया मुख्यअतिथि का सम्मान किया।

ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के अध्यक्ष बी.पी. झुनझुनवाला ने ट्रस्ट के इतिहास एवं 50 वर्षों की उपलब्धियों तथा गोल्डन जुबली की उपलब्धियों पर सूक्ष्म प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ समिति सदस्य मनोहरलाल बगड़िया, सज्जन कुमार रुंगटा, मोहन गोयंका, मुरारीलाल सौंथलिया तथा अन्य सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया जो प्रारंभ से लेकर अब तक की इस यात्रा में जुड़े हुए हैं और अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। साथ ही भविष्य की परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

स्वर्ण जयंती के कर्मठ समिति सदस्य राजेश छावछरिया, शालिनी अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, गौरव जैन, पराशर लोहिया, शिल्पा तुलस्यान, बालगोविंद गुप्ता, हरीश कुमार लोहिया तथा सावरमल खेमका को उनके कठिन परिश्रम एवं उत्तम सहयोग के लिए आभार व्यक्त कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के गोल्डन जुबली पत्रिका का लोकार्पण किया गया जिसकी प्रथम प्रति मुख्य अतिथि मनोज सौंथलिया को भेंट की गई।

जयगोविंद हरिगोपाल अग्रवाल अग्रसेन कालेज के प्रेसीडेंट आदित्य अग्रवाल एवं अग्रवाल विद्यालय एंड जूनियर कालेज के अध्यक्ष मधुसूदन खेमका ने मुंबई के हास्य कवि और स्टैंड अप कॉमेडियन गौरव शर्मा को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। गौरव शर्मा ने अपनी हास्य कविताओं से इस समारोह में चार चाँद लगा दिया उनके हास्य चुटकुलों से संपूर्ण सभागार श्रोताओं की हंसी एवं तालियों की गूंज से भर गया। इस समारोह में ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों और इसकी तीनों शाखाओं- अग्रवाल विद्यालय एंड जूनियर कालेज, जयगोविंद हरीगोपाल अग्रवाल अग्रसेन कालेज तथा दयासदन अग्रवाल विद्यालय के सभी पदाधिकारियों प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य, शिक्षकगणों पूर्व छात्रों तथा अभिभावक गणों ने अपनी उपस्थिति देकर समारोह की शोभा बढाई। समिति सदस्य विवेक अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में शनिवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक्स्नोरा इंटरनेशनल, गुरूदेव मेडिकल फाउंडेशन द्वारा श्री जैन मेडिकल रिलीफ सोसाइटी कोडंबकम में श्री सेवा रत्ना अवॉर्ड देने का आयोजन किया गया। इस सोसाइटी में सेवा दे रही डॉ श्वेता, डॉ सिंथिया, चंद्रा, शांति, शर्मीला को मुख्य अतिथि डॉ शकुबाई सीनियर सिविल सर्जन के हाथो से सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। गुरुदेव मेडिकल फाउंडेशन के संस्थापक डॉ फतेराज जैन, विश्वनाथन, गोविंदराज, महावीरचंद आनंद लक्ष्मण, वसुंधरा एवं हॉस्पिटल के स्टाफ एवं कई सदस्यों ने भाग लिया।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



शनिवार को नई दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय महिला संघ द्वारा आयोजित समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाग लिया। संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाती श्रीनिवासन ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्पा का अभिनंदन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महिला मोर्चे की अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



शिवकाशी। शिवकाशी तेरापंथ महिल मंडल के तत्वावधान में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन अध्यक्ष रानी बरड़िया के निवास पर किया गया। नमस्कार महामंत्र से शुरु हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रेरणा सम्मान वरिष्ठ श्राविका सम्पतदेवी डागा को प्रदान किया या। संचालन मंत्री बेला कोठारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन उपमुख्यमंत्री प्रेम बैद ने किया।

## संत मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



आईपंथ के दीवान श्री माधवसिंहजी ने वेल्लूर के श्रीपुरम स्थित स्वर्ण महालक्ष्मी मंदिर का दौरा किया और माता महालक्ष्मी के दर्शनकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सीरवी सम्प्रदाय के दीवानजी ने स्वर्ण लक्ष्मी नारायणी पीठ के संस्थापक शक्ति अम्मा से मुलाकात कर विभिन्न धार्मिक विषयों पर चर्चा की तथा शक्ति अम्मा ने दीवानजी को प्रसाद दिया।



# जाति, भाषा और प्रांतवाद हथियार हैं राजनीति के : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

हिरियूर/दक्षिण भारत राष्ट्रमत। टुमकूर की ओर पदयात्रा करते हुए शनिवार को हनुमंतनगर के मल्लन्ना पीयू कॉलेज में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि मनुष्य को जीवन की वास्तविकताओं को समझने का व्यवस्थित प्रयत्न करना चाहिए। विवादास्पद बातों से अप्रभावित रहते हुए प्रगति का पथ प्रशस्त करना चाहिए। तुच्छ और निर्माल्य बातों को महत्व देकर हम अपना, परिवार का या समाज का भला नहीं कर सकते। इसके लिए अच्छे और बुद्धिमान लोगों को संगठित होकर समाज का सही मार्गदर्शन करना चाहिए।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.